'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 73 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए मंगलवार, 28 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## सभ्य समाज के निर्माण के लिए महिलाओं का आदर करना बहुत जरूरी है : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि भारत का युवा बहुत ही ऊर्जावान है। पूरे विश्व की निगाहें भारत की युवा पीढ़ी पर लगी हैं। यहां का युवा दुनिया के अन्य देशों की जरूरत बन रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं में नवाचार के साथ-साथ हर पल कुछ नया सीखने की भावना का होना जरूरी है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल महज अपने तक रोजगार पाने की न सोचकर अन्य को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें। इसके साथ ही अपने अंदर समाज और राष्ट्र सेवा की भावना रखकर देश को दुनिया का सुपर पावर देश बनाएं। उन्होंने समाज से महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने व पूरा सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सभ्य समाज के निर्माण के लिए महिलाओं का आदर करना बहुत जरूरी है।

महामहिम राज्यपाल श्री दत्तात्रेय सोमवार को स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश डॉ. सूर्यकांत भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। महामहिम राज्यपाल श्री दत्तात्रेय और न्यायधीश डॉ. सूर्यकांत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने दीक्षांत समारोह में 2021 से 2023 तक के 744 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान, जिनमें 509 छात्राएं शामिल थी। विभिन्न विषयों के 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए, जिनमें 18 छात्राएं शामिल रहीं। उन्होंने समारोह में शिक्षा के क्षेत्र के उल्लेखनीय योगदान देने वाले डीएवी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष पूनम सूरी को पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा। राज्यपाल ने डिग्री लेने व स्वर्ण पदक हासिल करने वालों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अपने संबोधन में महामहिम राज्यपाल श्री दत्तात्रोय ने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जहां भी जाएं, अपने अभिभावकों, समाज व राष्ट्र के साथ-साथ अपने विश्वविद्यालय को कभी न भूलें, जहां से उन्होंने शिक्षा-दीक्षा ली है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में हमेशा नई तकनीक सीखकर आगे बढने, नवाचार और नया शोध करने की भावना का होना जरूरी है। निपुणता जितनी बढ़ेगी, उतने ही रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे। उनहोंने कहा कि युवाओं में समाज के प्रति समपर्ण की भावना होनी चाहिए।

## चुनावी नतीजों से पहले पंचकूला में हुई भाजपा की समीक्षा बैठक




**समाचार गेट ब्यूरो**

**पंचकूला।** चुनावी नतीजों से पहले ही अपनी जीत से आश्वस्त भाजपा ने सोमवार को पंचकूला में समीक्षा बैठक की। पार्टी कार्यालय पंचकमल में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला, तीनों महामंत्री के अलावा कलस्टर इंचार्ज, लोकसभा संयोजक तथा लोकसभा के उम्मीदवार सहित अन्य पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी सीटों पर चुनाव का फीडबैक लिया। नेताओं और पदाधिकारियों ने चुनाव से संबंधित सभी बातें और आंकड़े विस्तारपूर्वक बैठक में रखे। पार्टी के आला नेताओं ने आंकड़ों और मिले फीडबैक पर लगभग तीन घंटे मंथन किया। बैठक शुरू होने से पहले सभी नेताओं ने बादशाहपुर विधानसभा से विधायक रहे राकेश दौलताबाद के निधन पर दुख जताया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बैठक के बाद सीएम नायब सैनी ने मीडिया को बताया कि लोकसभा चुनाव में हुए मतदान की समीक्षा से उत्साहजनक संकेत उभरकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में चुनाव की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को हरियाणा में 11 कमल खिलने जा रहे हैं और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम सैनी ने 25 मई को भयानक गर्मी होने के बावजूद मतदान करने पर प्रदेशवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने पीएम मोदी को एकतरफा वोट दिया जिसके लिए वे जनता के आभारी हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने चुनाव में मजबूती से काम किया है। कार्यकताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 10 की 10 लोकसभाओं और करनाल विधानसभा में कमल खिलने जा रहा है। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन जनसभाएं हुई और लोगों ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया है, इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजनलाल, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के अलावा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा में जनसभाएं कर माहौल को एकतरफा बनाया है।

## आने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखते हुए बहुत सारे राजनेताओं के होश उड़ने वाले है : पूर्व गृह मंत्री अनिल विज

**अरविंद केजरीवाल हवा में तीर चलाने में माहिर है उन्हें पता है कि अब पंजाब में उनका झूठ फरेब नहीं चलने वाला - अनिल विज**

**आने वाली 4 जून को 400 पार का नारा सच होने वाला है - विज**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखते हुए बहुत सारे राजनेताओं के होश उड़ने वाले है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल हवा में तीर चलाने में माहिर है उन्हें पता है कि अब पंजाब में उनका झूठ फरेब नहीं चलने वाला क्योंकि आने वाली 4 जून को 400 पार का नारा सच होने वाला है। श्री विज आज पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

**हर बात का भाव समझना हर एक के बस की बात नहीं - विज**

ममता बैनर्जी ने अपने एक बयान में कहा था कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी भगवान है तो हम उनके लिए मंदिर बनवाएंगे, फूल और भोग भी चढ़ाएंगे, जिस पर तंज कसते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आने वाले नतीजों को देख कर बहुत सारे राजनेताओं के होश उड़ने वाले है, क्योंकि परमात्मा की जगह कोई नहीं ले सकता। हम डॉक्टर को भगवान का रूप कहते है लेकिन वो भगवान नहीं बनते, लेकिन हर बात का भाव समझना हर एक के बस की बात नहीं है।

**पंजाब के लोग केजरीवाल का झूठ और फरेब समझ चुके - विज**

वही, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में कहा था कि पंजाब वाले उन्हें 13 सांसद दे, तो वो पंजाब का पैसा वापिस लेकर आएंगे, जिस पर विज ने कहा कि केजरीवाल को हवा में तीर छोड़ने की आदत है, उन्हें पता है कि अब पंजाब के लोग उनका झूठ और फरेब समझ चुके है इसलिए वो ऐसी बाते कर रहे है।

**एक बार फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे - विज**

मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है की हमें भाजपा वालो से भी ज्यादा विश्वास है, हम जीतने वाले हैं और वे हारने वाले हैं जिस पर विज ने कहा कि 4 जून को 400 पार का नारा सच होने वाला है और एक बार फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

**लोगो की अंतरात्मा ने भाजपा को वोट करने को कहा है - विज**

हरियाणा में कांग्रेस नेता ने अपने ही कार्यकर्ताओं पर भाजपा को वोट डलवाने के आरोप लगाए है जिस पर विज ने कहा कि लोगो की अंतरात्मा ने भाजपा को वोट करने को कहा है।

## सिर्फ और सिर्फ विफलताओं के लिए जाना जाएगा भाजपा के 10 साल का कार्यकाल : हुड्डा

**बीजेपी को वोट नहीं, बल्कि जनता से मांगनी चाहिए माफी- हुड्डा**

**भाजपा को चुनाव प्रचार नहीं बल्कि अपनी गलतियों के लिए प्रायश्चित करना चाहिए- हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी के 10 साल का कार्यकाल सिर्फ और सिर्फ विफलताओं के लिए जाना जाएगा. महंगाई पर रोक लगाने, बेरोजगारी पर काबू पाने, किसानों को उचित मूल्य देने, नागरिकों को कानूनी सुरक्षा देने, दलित, पिछड़े व वंचित वर्गों को भागीदारी देने समेत हर मोर्चे पर बीजेपी सरकार विफल साबित हुई है. ऐसे में इस सरकार को जनता से वोट मांगने की बजाय, माफी मांगनी चाहिए. उसे चुनाव प्रचार की जगह अपनी गलतियों का प्रायश्चित करना चाहिए. भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज चंडीगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे. उन्होंने सेक्टर-37, सेक्टर-56, हेलोमाजरा और इंदिरा कॉलोनी में चुनावी सभाओं को संबोधित किया.

हुड्डा ने बताया कि हरियाणा में कांग्रेस ने पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा, जिसके उत्साहवर्धक नतीजे 4 तारीख को सामने आएंगे. उन्हें उम्मीद है कि चंडीगढ़ वाले भी इस बार बीजेपी को सबक सिखाएंगे, क्योंकि इस सरकार ने चंडीगढ़ के 10 साल बर्बाद कर दिए. बीजेपी सांसद 10 साल में कभी चंडीगढ़ में लोगों के बीच नहीं रही. पिछले 10 साल के दौरान यहां उन्होंने विकास का एक भी कार्य नहीं करवाया. ना चंडीगढ़ में बढ़ती आबादी और ट्रैफिक के हिसाब से रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया गया और ना ही कोई बड़ी परियोजना भाजपा कार्यकाल के दौरान बनाई गई. बीजेपी चंडीगढ़ वालों की वोट लेने का अधिकार खो चुकी है. क्योंकि उसने अपना एक भी वादा नहीं निभाया जबकि कांग्रेस जो वादा करती है, उसको निभाती है. इस बार अपने न्यायपत्र में पार्टी ने जो वादे किए हैं हर-एक को अमलीजामा पहनाया जाएगा.

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ विधायक आफताब अहमद, भारत भूषण बतरा और चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष HS लकी भी मौजूद रहे.

## मतदान की तरह ही मतगणना का कार्य संपन्न करवाएं जिला निर्वाचन अधिकारी : मुख्य चुनाव आयुक्त




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में मतदान संपन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों के कार्य को सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि इसी कार्यकुशलता से जिला निर्वाचन अधिकारी चार जून को मतगणना करवाएं।

इसमें सुरक्षा के दायरों का पूरा ध्यान रखा जाए। लघु सचिवालय सभागार में भारत सरकार के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिए डीसी निशांत कुमार यादव व अन्य जिला निर्वाचन अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में मतदान का कार्य अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जबरदस्त हीट वेव के बावजूद मतदान प्रतिशत सराहनीय रहा है। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को मतगणना का कार्य किया जाना है। जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण रखें।

ईवीएम स्ट्रांग रूम के आसपास इस दौरान कड़ी सुरक्षा रहनी चाहिए। किसी भी बाहरी तत्व को स्ट्रांग रूम के समीप नहीं जाने दे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतगणना के समय स्ट्रांग रूम से ईवीएम को बाहर निकालने और वापस रखने के लिए एक-एक कर्मचारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। किसी अन्य कर्मचारी को वहां खड़ा ना होने दिया जाए। मतगणना के लिए उम्मीदवारों के काऊंटिंग एजेंट बनाने का कार्य अभी शुरू कर दिया जाए। ईवीएम स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाए। वीडियो कांफ्रेंस के बाद डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। काऊंटिंग के दौरान स्ट्रांग रूम से ईवीएम बाहर लाकर उसी टेबल पर रखी जाए, जहां उसकी गणना होनी है। मतों की गिनती के बाद ईवीएम को वापस स्ट्रांग रूम में उसी स्थान पर रखवाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य के लिए कर्मचारी प्रशिक्षित होने चाहिए। उन्होंने बताया कि काऊंटिंग सैंटरों के आसपास वाहनों की पार्किंग के लिए बेरिकेड्स लगाए जाएं। इसके अलावा मतगणना के लिए कर्मचारियों की रैंडेमाइजेशन प्रक्रिया से ड्यूटी लगाने के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा, एसडीएम बादशाहपुर विश्वजीत चौधरी, एसडीएम सोहना सोनू भट्ट, जिला परिषद के सीईओ जगनिवास, एसडीएम गुरूग्राम रविंद्र कुमार, एसडीएम पटौदी होशियार सिंह, नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, ओएसडी प्रीति रावत, एमसीजी के संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार, चुनाव तहसीलदार राजेंद्र सिंह, डीआईओ विभु कपूर, डीएसईओ विनोद वर्मा, संतलाल इत्यादि मौजूद रहे।

## ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाली महिला सहित 185 वाहन चालकों के चालान



**समय-समय पर रात के समय विशेष नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग**

**यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना ही मुख्य उद्देश्य**

**यातायात के सभी नियमों की पालना करें व नशा करके गाड़ी ना चलाए**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** विकास अरोड़ा, पुलिस आयुक्त, गुरुग्राम व श्री विरेन्द्र विज , पुलिस उपायुक्त यातायात, गुरुग्राम के निर्देशानुसार यातायात पुलिस, गुरुग्राम द्वारा 20.05.2024 से 26.05.2024 तक विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) वाले वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए यातायात पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज के द्वारा यातायात पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों का गठन करके उनको चिन्हित स्थानों पर विशेष आदेश/निर्देश देकर तैनात किया गया। चिन्हित स्थानों पर तैनात की गई पुलिस टीमों द्वारा नाका लगाकर चैकिंग करते हुए 01 महिला वाहन चालक सहित कुल 185 वाहन चालक ड्रिंक एंड ड्राईव करते हुए मिले और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके चालान किए गए। यातायात पुलिस, गुरुग्राम द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसना तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराते हुए यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना है। गुरुग्राम पुलिस आप सभी से अपील करती है कि यातायात के सभी नियमों की पालना करें व नशा करके गाड़ी ना चलाए। गुरुग्राम पुलिस द्वारा समय-समय पर रात के समय विशेष नाके लगाकर वाहनों को चैक किया जाता है और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको/मालिकों के नियमानुसार चालान किए जाते है और यह भविष्य में भी जारी रहेगा।

# लोगों ने राजनीतिक बदलाव के लिए किया मतदान : पर्ल चौधरी

**कांग्रेस और कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर के पक्ष में जबरदस्त उत्साह**

**सभी वर्ग धर्म संप्रदाय का राज बब्बर को मिल रहा भरपूर समर्थन**

**4 जून को राजनीतिक बदलाव की रखी जाएगी मजबूत नींव**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जनता के द्वारा देश और हरियाणा प्रदेश में राजनीतिक बदलाव के लिए ही मतदान के माध्यम से अपना फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद कर दिया गया है। जिस प्रकार से गर्मी अपने चरम पर रही, इस प्रकार से लोगों के बीच में भी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राज बब्बर के लिए उत्साह चरम पर दिखाई दिया । पूर्व कांग्रेस विधायक स्वर्गीय भूपेंद्र चौधरी की पुत्री सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी के द्वारा यह दावा किया गया है। उन्होंने कहा महज 25 दिन के दौरान ही जिस प्रकार से राज बब्बर के लिए लोगों के बीच में समर्थन की सुनामी देखी गई , उसे देखते हुए यही कहना बेहतर रहेगा कि जनता जनार्दन नहीं राज बब्बर के चुनाव की लगाम अपने अपने हाथों में थाम ली। कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर के नाम की घोषणा नहीं होने तक भाजपा के द्वारा यही दावा किया जा रहा था कि चुनाव में भाजपा और भाजपा उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह के मुकाबले कांग्रेस पार्टी के पास कोई प्रत्याशी ही नहीं है। लेकिन 25 मई शनिवार आते- आते और मतदान समाप्त होने तक यह साफ हो गया कि इस बार मुकाबला जबरदस्त बन गया है।

श्रीमती चौधरी ने कहा राज बब्बर को मेवात, साइबर सिटी गुरुग्राम और जिला रेवाड़ी के सभी नौ विधानसभा इलाकों में सभी धर्म, वर्ग, संप्रदाय सहित 36 बिरादरी के लोगों का भरपूर प्यार और समर्थन प्राप्त हुआ है । आम जनता के द्वारा राजनीतिक बदलाव के वास्ते वर्ष 2024 में मतदान करते हुए इसकी मजबूत नींव रखने का काम कर दिया गया है। वास्तव में चुनाव राजनीतिक पार्टियों की विचारधारा और जनता के हित में किए जाने वाले कार्यों सहित विकास के मुद्दों को लेकर ही होते हैं। कांग्रेस पार्टी के द्वारा आम जनता की सलाह लेने के बाद ही घोषणा पत्र भी तैयार किया गया। उन्होंने कहा 4 जून को चुनाव परिणाम देश में राजनीतिक बदलाव वाले साबित होंगे । इसके साथ ही हरियाणा प्रदेश में भी राजनीतिक बदलाव का माहौल बनते हुए राजनीतिक जमीन भी तैयार हो जाएगी।

# ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाली महिला सहित 185 वाहन चालकों के चालान

**समय-समय पर रात के समय विशेष नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग**

**यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना ही मुख्य उद्देश्य**

**यातायात के सभी नियमों की पालना करें व नशा करके गाड़ी ना चलाए**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** विकास अरोड़ा, पुलिस आयुक्त, गुरुग्राम व श्री विरेन्द्र विज , पुलिस उपायुक्त यातायात, गुरुग्राम के निर्देशानुसार यातायात पुलिस, गुरुग्राम द्वारा 20.05.2024 से 26.05.2024 तक विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राईव) वाले वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए यातायात पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज के द्वारा यातायात पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों का गठन करके उनको चिन्हित स्थानों पर विशेष आदेश/निर्देश देकर तैनात किया गया। चिन्हित स्थानों पर तैनात की गई पुलिस टीमों द्वारा नाका लगाकर चैकिंग करते हुए 01 महिला वाहन चालक सहित कुल 185 वाहन चालक ड्रिंक एंड ड्राईव करते हुए मिले और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके चालान किए गए। यातायात पुलिस, गुरुग्राम द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसना तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराते हुए यातायात का संचालन व्यवसथित तथा सुरक्षित करना है। गुरुग्राम पुलिस आप सभी से अपील करती है कि यातायात के सभी नियमों की पालना करें व नशा करके गाड़ी ना चलाए। गुरुग्राम पुलिस द्वारा समय-समय पर रात के समय विशेष नाके लगाकर वाहनों को चैक किया जाता है और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको/मालिकों के नियमानुसार चालान किए जाते है और यह भविष्य में भी जारी रहेगा।

# हकृवि को मिला मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली नामक डिजाइन अधिकार



**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार 27 मई।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार को मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली नामक डिजाइन किए गए उत्पाद पर दस साल का डिजाइन अधिकार मिला है। भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से जारी डिजाइन प्रमाण पत्र में इस उत्पाद को 371981-001 पंजीकरण संख्या प्रदान की गई। मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली का डिजाइन विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. मंजु महता की देखरेख में शोधार्थी खुशबू ने किया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

**इसलिए डिजाइन की गई मोटाइल कैटल फीडिंग ट्रॉली:**

पशुपालन में महिलाओं को चारा डालने में सबसे ज्यादा समस्या होती है। इसलिए ऐसे कार्य को करने के लिए उपयुक्त साधन की जरूरत होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली (पशु चारा ट्राली) बनाई गई है। यह ट्रॉली आयरन शीट और रबड़ से बनी हुई है। इसमें एक पहिया, एक बेरो, पीछे दो स्टैंड और दो हैंडल है ताकि उपयोगकर्ता पर लोड के वजन को कम किया जा सके। ट्रॉली का इस्तेमाल हम चारा डालने के साथ-साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए कर सकते हैं। मोटाइल कैटल फीडिंग ट्राली ऐसा साधन है जिसमें चारा आसानी से उठाया जा सकता है और आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। इस ट्रॉली में चारा व पानी आसानी से जहां पशु बंधे होते है, वहां ले जाया जा सकता है। जिससे महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा उनके समय एवं उर्जा की बचत होगी। इससे मांसपेशियों एवं हड्डियों पर कम दबाव पड़ेगा। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य एवं आइपीआर सैल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल उपस्थित रहे।

# सामाजिक सेवा में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित हुई वंदना पोपली




**समाचार गेट ब्यूरो**

**रेवाड़ी, 27 मई।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वन्दना पोपली को अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। कल दिल्ली में हुए दीक्षांत कार्यक्रम में वंदना पोपली को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। अब वन्दना पोपली अपने नाम के साथ डॉक्टर लिख सकेंगी ।

**कांस्टीट्यूशन क्लब संसद मार्ग में आयोजित हुआ समारोह**

वंदना पोपली को कांस्टीट्यूशन क्लब संसद मार्ग में आयोजित समारोह में सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपसथिति में यह उपाधि दी गई है। इस मौके पर बिजनेस, ह्यूमन राइट, खेल तथा समाज सेवा से संबंधित कई शखसियत मौजूद रही जो कि पूरे देश से पहुंची थी

आपको बता दें कि वन्दना पोपली लगातार राजनीतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र से जुड़ी हुई है इस उपलबधि पर वन्दना पोपली ने कहा कि इस तरह की सराहना से लोगों को समाज सेवा में अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है और उनको मिला हुआ सम्मान उन सब का सम्मान है जो समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा इस सम्मान से सम्मानित होने पर वह और भी ऊर्जावान हो गई है सम्मान जिस उदेश्य से दिया गया है उसे पूरा किया जाएगा। मसलन राष्ट्र के निर्माण में महती भूमिका निभाना, आत्मनिर्भर भारत बनाना आदि शामिल है। वंदना पोपली के परिवार में भी खुशी का माहौल है उनके पति नवीन पोपली ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे बड़ी उपलबधि बताया।

# विदेश भेजने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट व एजेंसियों से आमजन रहे सावधान : शांतनु शर्मा

**अधिकृत ट्रेवल एजेंट व एजेंसियों के माध्यम से ही लगवाए अपना वीजा, विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति।**

**इमिग्रेट.जीओवी.इन वेबसाइट के माध्यम से ले सकते है जानकारी।**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र 27 मई।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आमजन शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। लोगों को चाहिए कि वे अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्राय: देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपतति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं। अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों की सूची जारी की हुई है। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति इमिग्रेट. जीओवी. इन वेबसाइट के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# मुख्य सचिव ने हरियाणा सिविल सचिवालय में बिजली उपकरणों को लेकर दिए खास एहतियात बरतने के निर्देश

## लू से बचाव के लिए सरकार ने जारी की एडवाइजरी





**समाचार गेट ब्यूरो**

**चण्डीगढ़, 27 मई।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने गर्मी के मौसम को देखते हुए हरियाणा सिविल सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारियों को बिजली के उपकरणों, विशेषकर ए.सी., कूलर और पंखों इत्यादि के सम्बन्ध में खास एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी शाखा प्रभारियों को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान कई विद्युत उपकरण जैसे ट्यूब लाइट, यू.पी.एस. दीवार पंखे, पेडस्टल फैन, सीलिंग पंखे और एयर कंडीशनर चलते हुए पाए गए। ऐसी लापरवाही के चलते बिजली की बर्बादी हो रही है जिससे बिजली का बिल बढ़ने के साथ-साथ बिजली उपकरण भी खराब हो सकते हैं। साथ ही इससे आग लगने की आशंका भी बनी रहती है।

इसलिए अधिकारी-कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि उपयोग में न होने या कार्यालय छोड़ने से पहले बिजली के सभी प्वाइंट बंद हों। यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए शाखा प्रभारी उत्तरदायी होंगे।

इसके अलावा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी इलाज से बचाव बेहतर है। इसलिए आमजन से आह्वान किया गया है कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें।

लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू-पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं। इससे उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत-खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाएं। यदि बच्चे को चक्कर आएं, उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

एडवाइजरी में कहा गया है कि बढ़ती गर्मी में बुजुर्गों एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें। तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें। शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं। उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

एडवाइजरी में कहा गया है कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। उन्हें घर के भीतर रखें, पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर वे दूसरे से पानी पी सकें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रहे कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे। अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं। उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं। कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सड़क, गर्म रेत) पर न टहलाएं। किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

# केयू में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र 27 मई।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर केयू परिसर स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, प्रो. परमेश कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. कुसुमलता, डॉ. सोमबीर जाखड़, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. संजय कौशिक, उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. हरविन्द्र सिंह लोंगोवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह, उपकुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा, अधिकारी, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित थे।

# अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ में गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय एफडीपी का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ में 27-05-2024 से 31-05-2024 तक कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए इ-लर्निंग से इ-ट्रेनिंग पर पांच दिवसीय एफडीपी का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला अग्रवाल विद्या प्रचारणी सभा और अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता और अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन कार्यशाला के संयोजक डॉ. सचिन गर्ग, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा किया गया तथा संचालन डॉ. विनीत नागपाल द्वारा किया गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों के डिजिटल कौशल को बढ़ाना है। इस एफडीपी का आयोजन दोनों विंगों (विंग 1 और विंग 2) में आयोजित किया गया है। विंग 1 में प्रशिक्षक सुश्री रितु सम्भरवाल तथा विंग 2 में प्रशिक्षण सुश्री प्रीति सिंघल द्वारा दिया गया। 5 दिनों के सत्रों के दौरान विभिन विषयों पर चर्चा की जाएगी,जैसे Google फॉर्म और ड्राइव का प्रबंधन करना, एमएस-वर्ड में ब्रोशर डिजाइन करना, एमएस-वर्ड में ई-सर्टिफिकेट डिजाइन करना और एमएस-एक्सेल, एडवांस एक्सेल में पाइवोट टेबल फॉर डाटा एक्सट्रैक्शन, डाटा वेलिडेशन, फिल्ट्रेशन के साथ काम करना, इत्यादि। हैंड्स-ऑन-ट्रेनिंग के बाद, एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र हुआ जहां प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछें और अपने अनुभव साझा करें। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में जोर शोर से भाग लिया।

# मनुष्य के स्वास्थय पर ही उसका जीवन निर्भर करता है : शिवचरण गोयल



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मनुष्य के स्वास्थय पर ही उसका जीवन निर्भर करता है। मनुष्य का स्वास्थय जितना सही होगा उसका जीवन उतना ही लंबा होगा। यह बात विश्व हिन्दु परिषद के पूर्व पदाधिकारी शिवचरण गोयल ने शत:आयु होम्योपैथिक क्लीनिक एण्ड फार्मेसी की सेक्टर-37 हुडड मार्किट में खोली गई तीसरी शखा का फीता काटने के उपरांत मौजूद लोगों से बतौर मुख्य अतिथि कही। इस मौके पर शत:आयु होम्योपैथिक क्लीनिक के संस्थापक डॉ0. ललित अग्रवाल,डॉ0. मुकेश गर्ग,मानव,शत:आयु अग्रवाल व दिव्या अग्रवाल मुख्य रूप से उपर्स्थित थे। इस अवसर पर शिवचरण गोयल ने बताया कि जो व्यक्ति अपने शरीर के प्रति जागरूक नहीं होता उसे बिमारियों का सामना करना पड़ता है। जब तक हमारा शरीर हष्ट पुष्ट नहीं रहेगा तब तक हमारा कोई भी काम करने का मन नहीं करेगा। डॉ0. ललित अग्रवाल ने बताया कि सेक्टर-16,सेक्टर-7 के बाद यह हमारी तीसरी शाखा है। दरअसल सेक्टर-37 में शाखा को खोलने का उदेश्य यह था कि हमारे बहुत से मरीज जो दिल्ली से आते थे उन्होनें हमसे अनुरोध किया था कि दिल्ली के नजदीक ही शखा को खोला जाए इसलिए हमने सेक्टर-37 को चुना। लोगों को बेहतर स्वास्थय सुविधा देना हमारा मकसद है ताकि वे निरोगी जीवन जी सकें। डॉ0. शत:आयु अग्रवाल और दिव्या अग्रवाल ने बताया कि आज हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर रहे है और उनकी किसी भी स्वास्थय से संबधित समस्या का निदान करने में कामयाब हो रहे है। इस मौके पर डॉ. संजीव शर्मा,डॉ. सिमरन, डॉ. ए.के अग्रवाल, डॉ. दिलीप, डॉ. सौम्या, भारत विकास परिषद से राजकुमार अग्रवाल, अशोक गोयल, दिनेश अग्रवाल, अरूण बजाज, अमर बंसल, अनिल गुप्ता, संजय जिन्दल, जोगेन्द्र कुमार व विभिन्न आरडब्लूए के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सभी रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों का डाटा पोर्टल होगा अपलोड : सीटीएम अंतिल कुमार

## एचआरएमएस पोर्टल को लेकर की गई समीक्षा बैठक



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सीटीएम अंकित कुमार ने बताया कि हरियाणा एनआईसी द्वारा बनाए गए एचआरएमएस पोर्टल को अपग्रेड कर उसमें नए मोडुअल डिज़ाइन किए गए है। जिसके अंदर नए सिरे से सभी रेगुलर और नॉन रेगुलर कमचारियों का डाटा अपलोड किया जायेगा। हरियाणा सरकार ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट द्वारा आज एचआरएमएस पोर्टल के अपडेशन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि एचआरएमएस 2.0 पोस्ट पोर्टल का अपडेटेड वर्जन है।

पोर्टल पर पहले जितनी भी समस्या बताई गई थी उन सबको दूर कर दिया गया है। सभी कर्मचारी एक सप्ताह के अंदर सभी रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करवाने। साथ ही कहा कि डाटा अपलोड करने में किसी भी तरह की समस्या होने पर दिए गए नंबर 0172-2714004 ह्यूमन रिसोर्स डिपार्टमेंट में संपर्क कर सकते है।

# बिना काम घर से बाहर न निकलें, नियमित कार्यों को सुबह व शाम के समय करें : डीसी विक्रम सिंह



**मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर जारी किया अलर्ट**

**प्रशासन ने आमजन से की अपील**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि आम जन बिना काम से बाहर न निकलें, नियमित कार्यों को सुबह व शाम के समय में करें। मौसम विभाग द्वारा गर्मी के मौसम के मद्देनजर अलर्ट जारी किया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा क्षेत्र में गर्मी के मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले दो दिनों तक जिला में शुष्क मौसम रहने व लू चलने की संभावना जताई गई है। जिला में तापमान 45.1 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया है व आने वाले दो से तीन दिनों तक शुष्क मौसम व लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोग अनावश्यक तेज धूप में निकलने से बचे व हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पूरे शरीर को ढककर पहनें। अगर धूप में घर से निकलते हैं तो सिर पर टोपी रखें या फिर छतरी का इस्तेमाल जरूर करें साथ साथ शीतल पेय पदार्थ या ठण्डा पानी रखें। थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद पानी पीते रहें। ताकि गर्मी के मौसम में लू से बचाव रखे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट में लोगों से अपने रोजमर्रा के कार्य सुबह व शाम के समय समायोजित करने की सलाह दी गई है। डीसी विक्रम सिंह ने सिविल अस्पताल (बीके) में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि गर्मी के मौसम में आमजन के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। डीसी ने बताया कि आगामी 28 मई तक जिला में भीषण गर्मी व लू (सिवियर हीट वेव) का अलर्ट है तथा रात के समय भी तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इसके अलावा 29 मई व 30 मई के दिन भी तापमान गर्म रहेगा इन दोनों दिनों के लिए सचेत व निगरानी का अलर्ट जारी किया गया है। लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। यदि किसी भी व्यक्ति गर्मी के कारण चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

# लडाई-झगडे में फरार 2 आरोपियो को पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने किया गिरफ्तार

## आरोपियो से स्कॉर्पियो गाडी व डंडा व लोहा सरिया बरामद



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर उमेंश कुमार की टीम पुलिस चौकी आईएमटी ने लडाई-झगडे के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मिंटू(30) और धर्मेन्द्र(35) का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फेतहपुर बिल्लौच के रहने वाला है।

आरोपियो के खिलाफ, आरोपियो के एक भाई के साथ हुए झगडे के कारण संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस मुकदमें में आरोपी माननीय अदालत से अंतरिम जमानत पर थे। जिन्होने पुलिस को अपने ब्यान दर्ज कराए है।

आरोपियो से वारदात में प्रयोग गाडी, लोहा की सरिया और डंडा बरामद हुआ है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रोडी डस्ट का काम करते है। शिकायतकर्ता उनका भाई है। जिसके साथ किसी बात को लेकर झगडा हो गया था।

दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है। वारदात में शामिल अन्य आरोपियो की पुलिस तलाश कर रही है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इकबाल (52) तुकलकाबाद दिल्ली का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना कोतवाली के एरिया वाटा पुल के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी शराब के 100 पव्वे बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी शराब को ठेको से खरीद कर फुटकर नें मुनाफे के लिए बेचता है। आरोपी पैसे कमाने के लालच में शराब बेचने का काम करता है। आरोपी मजदूरी का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# 21 मई को सेक्टर-11 एरिया से अपहरण व लूट के मुकदमें में अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने 4 आरोपियो को किया गिरफ्तार

## आरोपियो से गाडी, देसी पिस्टल व 6 जिंदा रोंद बरामद



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बता दे की 21 मई की देर रात को अशोक कुमार वासी मुकेश कॉलोनी को उनकी कार स्कॉर्पियों में बंधक बना लिया। आरोपियो ने स्कूटी से स्कॉर्पियो गाडी में टक्कर मारी और पीडित को उनकी गाडी में देसी पिस्तौल दिखाकर अपहरण कर ग्रेटर नोएडा ले गए। नोएडा में उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई जिसके बाद आरोपी गाडी छोडकर भाग गए। स्थानिय पुलिस ने कार से व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। जिसकी सूचना थाना पुलिस को प्राप्त हुई उच्च अधिकारियो को मामले के संबंध में अवगत कराया गया। पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा व पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार के द्वारा तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की गिरफ्तारी के आदेश दिए जिनपर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा व थाना पुलिस आरोपियो की तलाश की जा रहा था।

पुलिस वार्ता के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने मामले में अधिकर जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा उंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज की टीम के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियो में चरण सिंह,विक्की उर्फ विवेक,अनिल और भारत नागर उर्फ भालू नाम शामिल है। आरोपी चरण सिंह(39) वासी अभयपुर गुरुग्राम हाल डबुआ कॉलोनी एनआईटी का, आरोपी विक्की उर्फ विवेक(20) निवासी गांव कोट फरीदाबाद का, आरोपी अनिल(36) निवासी गांव किवाना पानीपत, आरोपी भारत उर्फ भालू(24) निवासी गांव कचेडा गौतमबुध्द नगर हाल फ्रैंड्स कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है।

आरोपियो को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मौजपुर एरिया से काबू किया है। आरोपियो से मौके पर गाडी, देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद बरामद किए गए है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चरण का आरोपी भारत भांजा है। आरोपी अनिल व विक्की दोस्त है। आरोपी चरण सिंह स देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद बरामद हुए है। आरोपी देसी पिस्तौल को ऋषिकेश की व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी चरण प्रोप्रटी डीलर का काम तथा आरोपी अनिल ओयो होटल चलाने का काम करता है। आरोपियो ने वारदात को पैसे के लिए अनजाम दिया है।

वारदात को कैसे दिया अंजाम- आरोपियो द्वारा देर रात को सेक्टर-11 पैट्रोल पम्प के पास से स्कॉर्पियों गाडी मे आते हुए व्यक्ति को अपनी स्कूटी से टक्कर मारी जिसको लेकर स्कॉर्पियो गाडी में से व्यक्ति उतरा तो उसका उसकी गाडी मे अपहरण कर ग्रेटर नोएडा ले गए। आरोपियो द्वारा व्यक्ति से 2500/-रु नगद, सोने की चेन व एटीएम कार्ड स्नैचिग किए गए तथा एटीएम कार्ड को प्रयोग कर पैसे निकालने की कोशिश की गई। पिन गलत होने पर पैसे नही निकले। आरोपियो से गाडी गलगोटिया कॉलेज के पास हड़बड़ाहट में डिवाइडर पर चढ़ गई और तार फेंसिंग में फंस गई। आरोपी डर से कार छोड़कर भाग गए। जहां से स्थानिय पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो गाडी को बरामद कर कारोबारी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आरोपी चरण सिंह पर पूर्व में 7 मुकदमें लूट, स्नैचिंग औऱ मार-पीट के थाना एसजीएम नगर,सुरजकुण्ड, एनआईटी, कोतवाली में दर्ज है। आरोपी भारत के खिलाफ थाना शहर बल्लबगढ में 2 मुकदमें लडाई-झगडे के दर्ज है। आरोपियो को मुकदमें में स्कूटी पूछताछ के लिए, अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# 2 आरोपियो को थाना भूपानी की टीम ने किया गिरफ्तार, आरोपी पुलिस रिमांड पर



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर के द्वारा अपराध में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना भूपानी प्रभारी मुनीष कुमार की टीम ने पुलिस टीम पर हमला कर यमुना रेती से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुडा कर ले जाने वाले दो आरोपियो को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मुकदमें में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में संजय खान और अजीत का नाम शामिल है। आरोपी संजय खान गांव राजपुर फुलेरा तथा आरोपी अजीत गांव जसाना का रहने वाला है। पुलिस टीम स्ढ्ढ राजकुमार, ।ष्ट बहादुर सिंह, ष्टञ्ज संजीत, अमप जीत व एसपीओ संदीप ने रेड कर आरोपी संजय खान को गांव राजपुर फुलेरा तथा आरोपी अजीत को गांव जसाना से काबू किया है। आरोपियो को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। ईआरवी पुलिस टीम रात्रि के समय गस्त पर थी गस्त के दौरान पुलिस टीम को गांव तिलोरी में झगडे की कंट्रोल रुम से सूचना मिली। जिसपर पुलिस टीम पहुंची और वापस आते समय गांव राजपुर फुलेरा के ठेके के पास यमुना रेती से भरा हुआ ट्रैक्टर-ट्रॉली जाते हुए देखा, ट्रैक्टर चालक से मांइनिग व ट्रैक्टर के कागजात मांगे तो ट्रैक्टर चालक कोई कागजात पेश नही कर पाया। पुलिस टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को काबू किया। रेती माफिया के द्वारा मोटरसाइकिल पर आने वाले दो-तीन वाईक पर 6-7 वाईक सवारों ने पुलिस टीम पर हमला कर ट्रैक्टर- ट्रॉली को छुडा कर ले गए। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए , जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियो को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मुकदमें में अन्य आरोपियो की तलाश जारी है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



## संपादकीय

# भीषण गर्मी से झुलस रहा उत्तर भारत



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

भारत के कई राज्यों में इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है।

चमड़ी जला देने वाली इस गर्मी के बीच लोग दिनभर छांव की तलाश में भटकते रहते हैं। मनुष्य के साथ अन्य जीव-जंतु की स्थिति भी ठीक नहीं है। गर्मी के चलते इन दिनों शीतल पेय की दुकानों में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है।

हरियाणा में गर्मी के तेवरों से अभी राहत की उम्मीद नहीं है। फरीदाबाद में सोमवार के दिन का तापमान 43 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया, तो वहीं सिरसा में लगातार दूसरे दिन भी भीषण गर्मी दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 47.7 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है। दक्षिण हरियाणा के अन्य शहरों की स्थिति भी सिरसा जैसी रही।

बता दें कि भिवानी में 45.9 डिग्री, नारनौल में 46 डिग्री, हिसार में 45.7 और रोहतक में 43.2 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग द्वारा जारी अपने पूर्वानुमान में बताया है कि हरियाणावासियों को अभी झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है। मई के अंत तक भीषण गर्मी व लू का रेड अलर्ट जारी है।

देश के करीब 37 शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने राजस्थान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं राजस्थान में पिछले तीन दिनों से गर्मी से संबंधित कई मौतों की सूचना मिली है।

भारत के अधिकांश राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। देश के लगभग 37 शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेलसियस से अधिक दर्ज किया गया। इतनी तेज गर्मी के बीच कई राज्यों में बिजली कटौती संबंधी शिकायतें भी सामने आ रही हैं। चिलचिलाती गर्मी के कारण महाराष्ट्र के अकोला में प्रशासन ने सार्वजनिक समारोहों पर रोक लगाते हुए 31 मई तक सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 37 शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेलसियस से अधिक दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले 17 शहरों में इतना तापमान था। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियां, जो मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से बचने के लिए एक पसंदीदा जगह है, वहां भी खूब गर्मी पड़ रही है। शिमला में 30.6 डिग्री सेलसियस तापमान के साथ इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा।

दिल्ली में करीब आठ स्थानों पर अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेलसियस से ऊपर दर्ज किया गया, जिसमें मुंगेशपुर और नजफगढ़ में 48.3 डिग्री सेलसियस और 48.1 डिग्री सेलसियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं हरियाणा के नारनौल में पारा 47 डिग्री सेलसियस और पंजाब के फरीदकोट में 47.4 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया।

इधर, मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान से आने वाली हवाओं ने हालात खराब किए हैं। संभावना है कि आज या कल से धूल भरी आंधी भी चल सकती है। 22 मई तक अभी कोई राहत भी नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने बुजुर्गों और बच्चों को अलर्ट किया है कि सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक बेवजह घर से बाहर न निकलें। इस दौरान हीट वेव यानी लू की वजह से उनकी सेहत पर असर पड़ सकता है।

कुल मिलाकर सूर्य देवता के प्रकोप से बचने के लिए नारियल डाब, गन्ना जूस, दही-लस्सी और छाछ के साथ आइसक्रीम को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। देर रात तक दुकानों में भीड़ नजर आती है। सेहत के मद्देनजर फलों और हरी साग सब्जियों की ओर भी रुझान बढ़ा है।

समाचार गेट की ओर से हम आपसे यही गुजारिश करते हैं कि बेवजह घरों से धूप में ना निकलें, सुबह जल्दी और शाम को दिन ढलने के बाद जरूरी कार्यों को निपटाएं दोपहर में आराम करें।

# 250 बार की कोशिश फेल होने के बाद आखिरकार उन्होंने मिट्टी से बने कूलर से प्यार कर ही लिया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** गॉव मीरपुर कोराली के मुकेश कुमार ने 9 राज्यों की मिट्टी को मिलाकर मिट्टी से बना कूलर तैयार किया है। उनके इस उत्पाद को भारत सरकार से पेटेंट की मंजूरी मिल चुकी है। मुकेश दीनबंधु चौधरी छोटू राम यूनिवर्सिटी मुरथल सोनीपत हरियाणा से क्काष्ठ की पढ़ाई कर रहे हैं। मुकेश कुमार का दावा है कि उनका यह कूलर इको फ्रेंडली है और मार्केट में बिकने वाले आयरन और फाइबर से बने कूलरों से कहीं ज्यादा किफायती है।

अब तक आपने मिट्टी के बर्तनों को देखा है। मिट्टी से बने कुल्लड़ में चाय की चुस्की भी अपने ली होगी। लेकिन अब जल्द ही बाजार में मिट्टी से बने कूलर भी आपको देखने को मिलेंगे। पलवल की गांव मीरपुर कोराली के रहने वाले 31 वर्षीय मुकेश कुमार ने यह हैरतअंगेज कारनामा किया है। मुकेश कुमार वर्तमान में दीनबंधु चौधरी छोटू राम यूनिवर्सिटी मुरथल सोनीपत हरियाणा से पीएचडी की पढ़ाई कर रहे हैं। पीएचडी की पढ़ाई के दौरान होने वातावरण को लेकर प्रोजेक्ट मिला। और इस प्रोजेक्ट के चलते उन्होंने वातावरण को ग्लोबल वार्मिंग जैसे परिणाम से बचने के लिए मिट्टी से कूलर बनाने के बारे में तैयारी शुरू की।

250 बार की कोशिश फेल होने के बाद आखिरकार उन्होंने मिट्टी से बने कूलर से प्यार कर ही लिया। मुकेश कुमार की स्कूली शिक्षा गांव के ही स्कूल से हुई जिसके बाद उन्होंने बीटेक और एमटेक की पढ़ाई रोहतक एमडीयू यूनिवर्सिटी से की। मुकेश ने बताया कि डॉ अमित शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ़ मैकेनिकल इंजीनियरिंग डॉ अमित शर्मा ने उनको वातावरण के लिए इस तरह का उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने अपने दोस्त नितेश कुमार जो पेशे से मैकेनिकल इंजीनियरिंग है। उनके साथ मिलकर मिट्टी से कूलर बनाने के लिए डिजाइन पर काम करना शुरू किया। कई महीने लगातार काम करने के बाद वह डिजाइन को तैयार कर पाए। लेकिन सबसे बड़ी मुसीबत यही थी कि मिट्टी से बना



कूलर आखिर कितना टिक पाएगा। इस प्रयोग में उन्हें 250 बार सफलता का सामना करना पड़ा।

250 बार फेल होने के बाद उन्होंने भारत के अलग-अलग राज्य गुजरात ,राजस्थान ,हरियाणा, दिल्ली, पंजाब ,उत्तर प्रदेश, कर्नाटक से मिट्टी कोई इकट्ठा करना शुरू किया। इस दौरान महावीर नामक कुम्हार ने मिट्टी को परखने में उनकी बेहद मदद की इसके बाद वह मिट्टी से बना कूलर तैयार कर पाए। मिट्टी से कूलर बनाने के बाद उसकी मजबूती को परखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी जिसके लिए मिट्टी को करीब 1200 डिग्री सेलसियस तक हिट पर रखकर परीक्षण किया गया। इसके बाद तैयार कूलर गर्मी और बरसात सबको झेल सकता है। मुकेश कुमार के अनुसार 5 साल तक इस कूलर की लाइफ है।

**कूलर की खासियत:**

मुकेश कुमार ने बताया कि उनका यह कूलर इको फ्रेंडली है। वातावरण को बचाने के लिए यह उत्पाद उन्होंने तैयार किया है। ग्लोबल वार्मिंग सबसे बड़ी चुनौती है और इस तरह के उत्पादों का प्रयोग करके हम इसे बचाव कर सकते हैं

उनके इस कूलर को डिस्पोज करना बेहद आसान है और इससे वातावरण को भी कोई हानि नहीं होगी। 5 साल प्रयोग में लाने के बाद आप आराम से इसको डिस्पोज कर सकते हैं। क्योंकि यह मिट्टी से बना हुआ है इसलिए यह मिट्टी में ही मिल जाएगा

मुकेश कुमार का कहना है कि उनके द्वारा तैयार किए गए इस उत्पाद की कीमत मार्केट में मिलने वाले कूलरों के मुकाबले काफी कम है।

इस कूलर से मिलने वाली हवा पूरी तरह से शुद्ध होगी। जिसका आपके शरीर पर भी कोई गलत प्रभाव नहीं होगा।

कूलर बनाने के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हारों को साथ में मिलकर काम करने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। ताकि उन लोगों को भी एक स्थायी रोजगार मिल सके। मुकेश कुमार ने बताया कि उनके इस कूलर पर सभी ट्रायल कंप्लीट हो चुके हैं और अगले साल वह अपनी क्काष्ठ पूरी करने के बाद अपना यह उत्पाद मार्केट में लेकर आने वाले हैं मुकेश कुमार ने बताया कि यहां तक पहुंचने में उनके स्वर्गीय पिता नरेंद्र कुमार और उनकी पत्नी सीमा रानी का विशेष सहयोग रहा है।

# लोकसभा चुनाव की भागदौड के बाद सुनील तेवतिया नजर आए फुर्सत में

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** शहीद राजा नाहर सिंह के प्रपौत्र व फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने आज सैक्टर-3 स्थित अपने राजा सिंह पैलेस में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत आज पहले दिन रविवार को सुबह आराम से उठे क्योंकि पिछले 25 दिनों से लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुए थे। देर रात को चुनाव समाप्ति के बाद मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में रखने के बाद देरी से सोये थे।



देरी से उठने के बाद भी उन्होंने दिनचर्या के अनुसार पहले सैर पर गए और उसके बाद पहले दिनचर्या की तरह बैंडमिंटन भी थोड़ी देर खेला।

इसके बाद स्नान कर पूजा-अर्चना की और नाश्ते के दौरान परिवारजनों से कई दिनों बाद मिलें और परिजनों से पिछले 25 दिनों की पूरी चुनावी चर्चा भी हुई। इसके बाद अपने पिता राजा राजकुमार तेवतिया से भी उनके कमरे में मुलाकात करने पहुंचे। फिर करीब 10 बजे कार्यालय में आए हुए कार्यकर्ताओं से मिले। कार्यकर्ताओं ने हुक्के के बीच चर्चा करते हुए उन्हें वोटिंग के बारे में विस्तार से बताया कि किस बूथ या क्षेत्र में कितनी वोट हासिल हुई हैं। वहीं सुनील तेवतिया ने भी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं को फोन कर मतदान की जानकारी हासिल की। इसके अलावा पार्टी के पदाधिकारियों से भी चुनाव की अपडेट हासिल की और पार्टी हाईकमान को विस्तृत जानकारी दी।

# यथार्थ हॉसपिटल ने प्रतिभावान खिलाडियों को सम्मानित किया

## खिलाड़ी बच्चों को दिए डिस्काउंट कार्ड, जरूरत पडने पर आएगा काम




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल, सेक्टर-88, ग्रेटर फरीदाबाद ने हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन और ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत शर्मा जी, सचिव श्री रामधन जी और उनकी टीम के सभी सदस्यों के साथ-साथ हमारे देश का नाम रोशन कर रहे बच्चों का सम्मान किया। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल द्वारा फरीदाबाद में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान, उन बच्चों का सम्मान किया गया जिन्होंने जिला स्तर, राज्य स्तर पर फरीदाबाद शहर का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर बच्चों को और उनके मेंटर, कोच और माता-पिता को अस्पताल में आमंत्रित किया गया और उन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, उनके साथ स्वस्थ जीवन और खेल के बारे में जानकारी साझा की गई और उन्हें प्रेरित किया गया। जानकारी के लिए बता दें कि यथार्थ हॉसपिटल ग्रुप चिकित्सा सेवाओं में नोएडा में नंबर 1 है और साथ ही सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। उसी प्रकार, फरीदाबाद में भी अपने चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ वह सामाजिक गतिविधियों में अपना कदम बढ़ा रहा है।

यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल, फरीदाबाद के डायरेक्टर यथार्थ त्यागी, वाइस प्रेसिडेंट कृष्ण कुमार झा, ऑपरेशन हैड प्रभास रंजन, डॉ. अनुज त्यागी, रिप्रेजेंटेटिव शिवम वर्मा ने कहा कि, हम समाज के लिए हमेशा ऐसी गतिविधियाँ करते रहेंगे और हम चाहेंगे कि हमारे शहर के बच्चे जिला स्तर पर ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक विजेता बनें। हमारा यह दायित्व है कि हम उन्हें प्रेरित करें और समर्थन दें। हमारा यही संकल्प है कि हम जैसे नोएडा और झांसी में चिकित्सा सेवाओं और सामाजिक गतिविधियों में आगे बढ़े हैं। हम इसी प्रकार हमारे शहर फरीदाबाद को भी उससे अधिक सहयोग प्रदान कर सके। इसी उद्देश्य के साथ हमने अपने फरीदाबाद के निवासियों के लिए नेबरहुड कार्ड लॉन्च किया है। इसके माध्यम से उन्हें चिकित्सा सेवाओं में लाभ मिलेगा। यह पहल हमारे शहर की जनता के लिए एक नई उम्मीद की किरण है। स्वस्थ जीवन ही खुशहाल जीवन की कुंजी है। एक अच्छा स्वास्थ्य ही हमें एक बेहतर और सक्रिय जीवनशैली जीने में सक्षम बनाता है।

# चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने के लिए भारतीय नौसेना की तैयारी

**समाचार गेट/भावना कौशिश**



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने चक्रवात रेमल के बाद एक विश्वसनीय मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रतिक्रिया शुरू करने के लिए मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हुए प्रारंभिक कार्रवाई आरंभ कर दी है। चक्रवात के तट पार करने की आशंका है। नौसेना मुख्यालय में स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है, साथ ही पूर्वी नौसेना कमान मुख्यालय द्वारा व्यापक तैयारी कार्रवाई की जा रही है। चक्रवात रेमल, जिसके गंभीर चक्रवात में बदलने की आशंका है, के सागर द्वीप, पश्चिम बंगाल और खेपुपारा, बांग्लादेश के बीच टकराने का अनुमान है। तैयारी के लिए, भारतीय नौसेना ने प्रभावित आबादी की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने हेतु तत्काल तैनाती के लिए एचएडीआर और चिकित्सा आपूर्ति से लैस दो जहाजों को तैयार किया है। इसके अतिरिक्त, सी किंग और चेतक हेलिकॉप्टरों के साथ-साथ डोर्नियर विमानों सहित भारतीय नौसेना की विमानन परिसंपत्तियां त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार हैं। त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए उपकरणों के साथ विशेष गोताखोरी टीमों को कोलकाता में तैनात किया गया है। आवश्यक उपकरणों के साथ अतिरिक्त गोताखोरी टीमें विशाखापत्तनम में स्टैंडबाय पर हैं, जो आवश्यकता पड़ने पर त्वरित तैनाती के लिए तैयार हैं। एचएडीआर और चिकित्सा आपूर्ति के साथ दो बाढ़ राहत टीमें (एफआरटी) कोलकाता में तैनात की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, विशाखापत्तनम और चिल्का से दो-दो एफआरटी तैयार हैं और अल्प सूचना पर तैनाती के लिए तैयार हैं। भारतीय नौसेना सतर्क बनी हुई है और चक्रवात रेमल के मद्देनजर तत्काल और प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए उभरती स्थिति पर करीबी दृष्टि रख रही है।

# बिजली निगम कार्यालय से स्क्रैप कंडेक्टर चोरी करने के आरोप में केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन भोजावास से बिजली के स्क्रैप कंडेक्टर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एसडीओ कनीना की शिकायत पर केस दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ की ओर से कनीना सदर पुलिस थाने में दी गई शिकायत में कहा गया कि बिजली के 1583 किलोग्राम स्क्रैप कंडेक्टर रखे हुए थे जिसे रात्री के समय अज्ञात चोर ले उडे। स्क्रैप की कीमत 208718 रूपये आंकी गई है। बिजली निगम कर्मियों ने इस घटना की जानकारी 112 नम्बर डायल कर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हुई लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा लापता हो गई। इस बारे में छात्रा के पिता ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जयप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी जो 23 मई को परिजनों के साथ खाना खाकर सोई थी, सुबह होने पर बिस्तर पर नहीं मिली। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने छात्रा की गुमशूदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ड्राई-डे के दिन अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में दो नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** लोकसभा चुनाव के दरम्यान 25 मई को मतदान के दौरान घोषित किए गए ड्राई-डे के दिन ठेके पर अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ आदेशों की अवहेलना के आरोप में केस दर्ज किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नारनौल की ओर से आदर्श चुनाव आचार संहिता के संदर्भ में शराब ठेके बंद करने के आदेश जारी किए गए थे। इन आदेशों को दरकिनार करते हुए कनीना खंड के गांव कपूरी में शराब ठेके से शराब बेची जा रही थी। मौके पर पंहुचे एक्साईज इंस्पेक्टर दिनेश कुमार एफएसटी इंचार्ज सुनील कुमार की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। ठेके के सेल्समैन की पहचान विकास वासी ईसराना थाना कनीना व शराब खरीदने वाले की पहचान सीताराम वासी कपूरी के रूप में हुई। पुलिस ने जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशों की अवहेलना कर ड्राई-डे के दिन अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में आईपीसी की धारा 188 व 135सी के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।









# नूंह में गर्मी का भीषण असर देखने को मिले रहा है



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह में भीषण गर्मी का असर लोगों की दिनचर्या पर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। दिन में बाजार तथा सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। हरियाणा में गर्मी अपना ही रिकार्ड तोड़ती जा रही है नूंह में तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया है। प्रदेश के हर जिले में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। रविवार को हरियाणा राज्य के कई जिलों का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेलसियस से ज्यादा था। मौसम विभाग ने भी गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह और पलवल के लिए दो जून तक भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। नौतपा का कहर पूरे राज्य में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार अधिकांश जिलों में पारा 47 डिग्री के पार जा सकता है। आसमान से उगलती आग के कारण सुबह 9 बजे से लोगों की परेशानी गर्मी की वजह से बढ़ रही है। सड़कों पर बहुत कम वाहन देखने को मिल रहे है। नूंह जिला के स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह भी दी है कि जरुरत होने पर ही घर से बाहर निकलें। खासकर दोपहर बारह बजे से चार बजे तक लोगों को घर में ही रहने की सलाह दी गयी है। गर्मी के कारण बाजार की रौनक गायब हो गयी है।

# आमजन बढ़ती गर्मी में अपने साथ-साथ बुजुर्ग लोगों का भी रखें ख्याल : डीसी धीरेंद्र खड़गटा

## गर्मी में वृद्ध व कमजोर लोगों की करें विशेष देखभाल



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** डीसी एवं जिला राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा आमजन को गर्मी व हीट वेव से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करनी चाहिए। डीसी ने कहा कि गर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसे में स्वयं को स्वस्थ रखने के साथ-साथ कमजोर व बुजुर्गों का भी ध्यान रखें। बुजुर्गों की अधिक गर्मी होने पर दिन में कम से कम 2 बार उनकी जांच करें। खासतौर पर जब बुजुर्ग अकेले हों तब उनकी विशेष रूप से जांच व देख-रेख करें। उन्होंने बताया कि उनके पास फोन हो ताकि अधिक गर्मी के कारण उनकी हालत बिगड़ जाए तो उसका पता लग सके। उन्होंने कहा कि यदि कमजोर एवं बुजुर्ग लोग अधिक गर्मी महसूस कर रहे हैं तो उनको ठंडक प्रदान करने की कोशिश करें। अगर वो बेचैनी महसूस कर रहे हैं तो उनको ठंडा पानी पिलाएं। कमजोर वर्ग के लोग एवं बुजुर्गों को अधिक गर्मी लगने पर उनके शरीर को गीला करें व उनको ठंडे-ठंडे पानी ने नहलाएं। उनकी गर्दन व बगलों में तौलिया रख दे ताकि उन्हें ठंडक मिले।

उनके शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर डाक्टर व एंबुलेंस को बुलाएं। बुजुर्ग एवं कमजोर लोगों को कहें कि हमेशा अपने पास पानी की बॉटल रखें और अधिक गर्मी लगने व गला सूखने पर पानी पीएं। अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। गर्मी में पानी कि सबसे ज्यादा जरूरत होती हैं।

## 30 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित : उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सभी सरकारी, अर्ध सरकारी व निजी विद्यालयों में 28 मई से 30 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार जिला के सभी सरकारी व निजी स्कूल 28 मई से 30 जून तक बंद रहेंगे। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को सभी अध्यापक 27 मई को ही होलीडे होमवर्क देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालय के पहले की भांति एक जुलाई 2024 को खोले जायेंगे।

# सामाजिक सेवा में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित हुई वंदना पोपली

## कांस्टीट्यूशन क्लब संसद मार्ग में आयोजित हुआ समारोह




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वन्दना पोपली को अमेरिकन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। कल दिल्ली में हुए दीक्षांत कार्यक्रम में वंदना पोपली को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। अब वन्दना पोपली अपने नाम के साथ डॉक्टर लिख सकेंगी। वंदना पोपली को कांस्टीट्यूशन क्लब संसद मार्ग में आयोजित समारोह में सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति में यह उपाधि दी गई है। इस मौके पर बिजनेस, ह्यूमन राइट, खेल तथा समाज सेवा से संबंधित कई शख्सियत मौजूद रही जो कि पूरे देश से पहुंची थी।

आपको बता दें कि वन्दना पोपली लगातार राजनीतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र से जुड़ी हुई है इस उपलबधि पर वन्दना पोपली ने कहा कि इस तरह की सराहना से लोगों को समाज सेवा में अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है और उनको मिला हुआ सम्मान उन सब का सम्मान है जो समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा इस सम्मान से सम्मानित होने पर वह और भी ऊर्जावान हो गई है सम्मान जिस उदेश्य से दिया गया है उसे पूरा किया जाएगा। मसलन राष्ट्र के निर्माण में महती भूमिका निभाना, आत्मनिर्भर भारत बनाना आदि शामिल है। वंदना पोपली के परिवार में भी खुशी का माहौल है उनके पति नवीन पोपली ने इस उपलबधि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे बड़ी उपलबधि बताया।

# लू से बचाव के लिए सतर्कता व जागरूकता ही बेहतर उपाय : डीसी

## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़ते हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, विशेषकर धूप में घूमने वालों, खिलाडिय़ों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी इलाज से बचाव बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। डीसी राहुल हुड्डा ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचें रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोडक़र न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

डीसी ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सडक़ गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

## 28 मई से 30 जून तक सभी स्कूल रहेंगे बंद

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी ने बताया कि भीषण गर्मी के मद्देनजर हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार 28 मई से रविवार 30 जून तक सभी विद्यालयों की सभी कक्षाओं की ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। इसके मद्देनजर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से पूरे प्रदेश के स्कूलों (राजकीय व प्राइवेट) के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूल संचालक हरियाणा शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों की सख्ती व कड़ाई से पालना करना सुनिश्चित करें।

# बावल बार एसोसिएशन में लगा रक्तदान शिविर, 70 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**


**रेवाड़ी।** भारत विकास शाखा बावल के सहयोग से बावल बार में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। द्वारा ब्लड कैंप लगाया गया। उक्त जानकारी देते हुए बावल बार के प्रधान प्रवीण नैहचाना ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ डा.रेणु सोलंखे, एस.डी.जे.एम. ने रिबन काटकर किया। उन्होंने रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्ररित भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नही आती हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नई सफूर्ति आती हैं। बार प्रधान ने बताया कि यह शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला जिसके वकीलों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर लगभग 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट सुनील रायपुर, राजेंद्र चौधरी, किरण पोसवाल, भूपेंद्र खटाना, जयपाल, शुभम, अशोक चौहान, सहित बावल बार के अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में दिन-रात हुई गर्म, कूलर-पंखे व कारों के एसी भी देने लगे जवाब

### गर्मी में घर से बाहर निकलते समय बरतें ऐतिहात

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** ज्येष्ठ माह के शुरू होने पर गर्मी के तीखे तेवर सताने लगे हैं। 47 डिग्री सेलसियस तापमान के चलते दिन ही नहीं बल्कि रातें भी गर्म होने लगी हैं। कूलर-पंखे सहित कारों के एसी भी जवाब दे गए हैं। बिजली उपकरण गर्म होकर विस्फोटक मोड में पंहुच गए हैं। ईधर प्रचंड गर्मी को देखते हुए शिक्षा निदेशालय पंचकूला की ओर से सोमवार को पत्र जारी कर 28 मई से 30 जून 2024 तक प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करते हुए विद्यार्थियों को होली-डे होमवर्क देने को कहा गया है। जिससे विद्यार्थियों व अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। गर्मी से बचाव के लिए सामाजिक कार्यकर्ता आलोक गोयल वाहन चालकों को आगाह करते हुए कहा कि वे कारों में लगे लाईटर,गैस उपकरण, इत्र, बैटरियां कार्बोनेटेड पेयपदार्थ को हटा दें। इसके अलावा शीशे थोडे खुले रखें, फ्यूल टैंक को पूरा न भरें, जरूरत पडने पर सांय के फ्यूल भरें,सुबह 10 बजे से सांय 3 बजे तक यात्रा करने से बचें। कार के टायरों में अधिक एयर न भरें, गर्मी से बचाव के लिए खूब पानी व तरल पदार्थ पीएं, बिजली के मीटर पर अधिक लोड न डालें,एसी का उपयोग केवल घर के व्यस्त क्षेत्र में करें। सूर्य की रोशनी से सीधा आने से बचें। दुधारू पशुओं को भी गर्मी से बचाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी होने से आगजनी की घटनाएं घटित होने की संभावना बन रही हैं। नोतपा में सूर्य देव के तेवर लगातार तीखे होने से पशु-पक्षियों पर भी असर दिखाई दे रहा है। पेयजल की तलाश में जानवर ईधर-उधर भटक रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली की खपत भी बढ रही है। सडकों से निकलती आग की लपटों के तथा गंभीर लू चलने के साथ डिहाईड्रेशन के चांस बढ रहे हैं। करीब महिनेभर तक गर्मी का सितम जारी रहने का अनुमान है। उप नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जितेंद्र मोरवाल ने आमजन को गर्मी से बचाव को कहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण रोजमर्रा के सभी जरूरी कार्य सुबह-सांय करे। घर के नवजात बच्चों, बुजुर्गों व बिमारी से ग्रस्त लोगों का ध्यान रखें तथा उन्हें गर्मी से बचाएं। सूती कपडे पहनें तथा घर से बाहर निकलते समय सिर पर तोलिया,टोपी या छाता रखें। प्यास न होने पर भी बार-बार पानी पिएं। घर का बना नीबूं-पानी,लस्सी व राबडी का सेवन करें। बासी भोजन तथा फास्ट-फूड व तले हुए खाने से बचें।




# शिक्षा मंत्री ने विद्यासागर इंटरनैशनल स्कूल के 7 विद्यार्थी को सहोदया उष्कृष्ट पुरस्कार से किया सम्मानित

## ग्रेटर फरीदाबाद के शिव नाडर में हुआ छात्र सम्मान समारोह का आयोजन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** यहां स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के सात विद्यार्थियों को सहोदया उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों को 10वीं व 12 वीं कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रेटर फरीदाबाद स्थित शिव नाडर स्कूल में सहोदया फरीदाबाद चैप्टर के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप हरियाणा शिक्षा मंत्री सीमा त्रिरखा एवं वशिष्ठ अतिथि के रुप में तिगांव विधायक राजेश नागर के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए सीमा त्रिरखा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना उद्देश्य बनाकर सकारात्मक तरीके से मेहनत करते हुए आगे बढना चाहिए। विद्यार्थी जीवन कच्ची मिट्टी के समान होता है,लेकिन गुरू उस मिट्टी को तरासते हुए एक ऐसी आकृति बनाता है जो समाज के लिए उदाहरण बन जाती है। कई बार तो बच्चें का बेहतर प्रदर्शन अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बन जाता है। वहीं तिगांव विद्यायक राजेश नागर ने कहा कि अगर विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो उसमें अभिभावक और अध्यापकों की मेहनत भी होती है। इसी क्रम में विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक दीपक यादव ने विद्यार्थी,अभिभावक और कक्षा अध्यापकों का हौसल्ला-हफजाई करते हुए कहा कि जिस कक्षा में विद्यार्थी बेहतर अंक लाते है उसमें अध्यापक और अभिभावक की प्रमुख भूमिका होती है। जिसके लिए वे विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापक और अभिभावकों का भी आभार व्यक्त करते है जिन्होंने बच्चों को यहां तक पहुंचाने में मदद की। यादव वे कहा उसके विद्यालय में छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए निशुल्क दाखिला, स्कॉलरशीप और विद्यार्थियों को समय-समय पर लाभाविन्त किया जाता है। सम्मानित किए जाने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 12वीं से विषयवार विधिसा ह्यूमेनिटिज, नेहा कार्मस, मुस्कान मेडिकल तो प्रभास नॉन मंडिकल तो 10 वीं कक्षा से यशीका सेक्टर दो, जीया व पार्थ को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की निदेशक सुनीता यादव, सेक्टर दो स्कूल से प्रिंसिपल ज्योति चौधरी,घरौड़ा विद्यालय से रेखा मलिक,सीनियर कोडिनेटर पूजा शर्मा की गरिमामयीं उपस्थित रहीं।

# आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू जी ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : बलजीत कौशिक

## कांग्रेसियों ने श्रद्धापूर्वक मनाई पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि आज कांग्रेसजनों ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक नीलम चौक स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा को गंगाजल से साफ कर उस पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू अमर रहे के नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। श्री कौशिक ने जवाहर लाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद रखी। देश की तरक्की में पंडित नेहरू का योगदान हमेशा विस्मरणीय रहेगा। पंडित नेहरू ने अपने पूरे परिवार के साथ सारे सुख साधन छोडकर देश की आजादी के लिए काम किया और कष्ट भोगे। उन्होंने लम्बे समय तक जेल काटी और एक आम आदमी का जीवन जिया। पंडित नेहरू ने प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में जो भारत के विकास की नींव रखी थी उसमें हर भारतीय को बराबर का हक अधिकार और सम्मान दिया है। उनकी शुरू की गई नीतियों के कारण ही देश ने विकास की नींव तय की और जो रास्ता शुरू किया उन्हें ही आज के विशाल भारत , महान भारत शिक्षित भारत, आधुनिक भारत, युवाओं के भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद न केवल व्यवस्था को संभाला बल्कि देश की विभिन्न विचारधाराओं, पहनावे, संस्कृति के मूल भाव को एकता के बंधन में बाधा और भारत की एकता और अखंडता की नीव मजबूत की। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरु ने देश की आजादी के आंदोलन से लेकर और आजाद भारत के समय में देश की एकता और अखंडता के लिए काम किया। उन्हीं के पदचिन्ह पर चलते हुए श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने देश का चहुं मुखी विकास किया और आधुनिकरण किया। अब श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी उनकी ही नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे पंडित नेहरू के बताए मार्ग पर चलते हुए धर्मनिरपेक्ष भारत को मजबूत करें। भाईचारे को मजबूत करें और महान भारत को बनाए रखने का काम करें। इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, महेंद्र यादव, राजकुमार ढींगड़ा, जुबेर खान, श्रवण चावला,महेश बैंसला, जुलफिकार, योगेश तंवर, भूरा चौधरी, आसिफ सिद्की, जयवीर बैंसला, एनएसयूआई के नेता विकास फागना, मेहरचंद पाराशर, युवा नेता महेश बैंसला, दीपक भारद्वाज, विकास चौधरी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेसी नेता अनिल कुमार नेताजी ने की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार नेताजी ने आज हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर चुनावी नतीजों को लेकर चर्चा की। अनिल नेताजी ने श्री हुड्डा को बताया कि हरियाणा में 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशियों को छत्तीस बिरादरी का भरपूर समर्थन मिला है और हरियाणा की दस सीटों में से करीब आठ सीटें गठबंधन जीत रहा है।

उन्होंने फरीदाबाद की चर्चा करते हुए कहा कि फरीदाबाद में पूर्वमंत्री चौ. महेंद्र प्रताप बड़ी जीत हासिल करेंगे क्योंकि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता में आक्रोश व्याप्त था और लोगों ने वोट की चोट से भाजपा को करारा जवाब देने का काम किया है।

अनिल कुमार ने कहा कि लोकसभा के सकारात्मक परिणाम आने के साथ ही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है। इस मौके पर चौ. भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता पूरी तत्परता से पार्टी और संगठन को मजबूत करने में जुटे रहे।

उन्होंने कहा कि चार माह बाद विधानसभ के चुनाव है इसलिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत से लोगों के बीच जाए और उन्हें कांग्रेस शासनकाल में हुए विकास कार्यो के बारे में विस्तारपूर्वक बताकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडने का काम करे। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रुप से कांग्रेसी नेता पुरुषोत्तम लाल, युवा नेता गौरव चौधरी आदि मौजूद थे।

# हर वर्ग के व्यक्ति को गले लगाते थे वैकुंठवासी बाबा : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

## श्री सिद्धदाता आश्रम स्थापना दिवस एवं संस्थापक वैकुंठवासी स्वामी सुदर्शनाचार्य की जयंती पर भक्तों का मेला



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम के स्थापना दिवस एवं संस्थापक वैकुंठवासी स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज की जयंती के अवसर पर आज देश विदेश से हजारों की संख्या में भक्तों ने जुटकर मेले का रूप दे दिया। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई वहीं भक्ति संगीत, प्रवचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी भक्तों ने भागीदारी की। इस अवसर पर अपने प्रवचन में पीठाधिपति जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि श्री गुरु महाराज करुणा के सागर थे। उन्होंने अपने दरबार पर आने वाले हर दीन दुखी को मां के जैसा प्रेम दिया, पिता के जैसा सहारा दिया और गुरु के रूप में शिक्षा दी। इन तीनों रूपों में उन्होंने ब्रह्मा, विष्णु और महेश के गुणों को साकार दिखाया। वह भक्तों के भूत भविष्य और वर्तमान बिना बताए जान लेते थे। उनका यह वचन था कि यहां आने वाले को भुक्ति और मुक्ति की प्राप्ति में कोई संशय नहीं रहेगा और यह सच है। इससे पहले स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने वैकुंठवासी स्वामी की मूर्ति का सविधि अभिषेक किया और लोक कल्याण के लिए उनसे प्रार्थना की। उन्होंने इसके बाद शाम को निकाली विशाल शोभायात्रा को भी सानिध्य प्रदान किया। इस अवसर पर बग्गी, ढोल, ताशे, धर्मध्वजाओं के साथ भक्तों ने गुरुजी के जयकारों के साथ प्रफुल्लित मन से कार्यक्रम में भागीदारी की। रंग बिरंगी रोशनी में सजा आश्रम एवं दिव्यधाम एवं सूरजकुंठ मार्ग बेहद अनूठा प्रतीत हो रहा था। मूलरूप से राजस्थान के दौसा (गांव पाड़ला) निवासी स्वामी सुदर्शनाचार्य ने अपने ईष्ट के लिए फरीदाबाद में एक दिव्यस्थान का संकल्प लेकर वर्ष 1989 में निर्माण प्रारंभ करवाया। जो विशाल 11 शिखरों वाले श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम, 300 गौवंश वाले श्री नारायण गौशाला और करीब 100 बटुकों को शिक्षा देने वाले स्वामी सुदर्शनाचार्य वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय के रूप में पल्लवित पोषित हो चुका है। स्वामी सुदर्शनाचार्य ने छह वर्ष की अल्पायु में ही धर्म में स्वयं को रत कर लिया था। वह काशी और वृंदावन में रहकर शिक्षा ग्रहण करने के बाद भानगढ़ के दुर्गम वनों में तप करने चले गए। उन्होंने अपने तप से असंख्य लोगों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन किए और भगवान की राह में लगाया। उनके व्यक्तित्व से प्रभावित श्री रामानुज संप्रदाय के संतों ने स्वामी सुदर्शनाचार्य को जगदगुरु रामानुजाचार्य और अनंतश्री विभूषित की पदवी से अभिषिक्त किया। श्री सिद्धदाता आश्रम को रामानुज संप्रदाय में इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा की पीठ के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके बारे में कहा जाता है कि यह उत्तर भारत में कारसेवा से निर्मित सबसे बड़ा धार्मिक तीर्थ क्षेत्र है। जहां आने वालों को भावानुसर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# छह दिन पूर्व हुए अपहरण व लूट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से गाड़ी, देसी पिस्टल व 6 जिंदा रोंद बरामद



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** करीब छह दिन पूर्व सेक्टर-11 एरिया से अपहरण व लूट के मुकदमें में अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पत्रकारा वार्ता के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने मामले में अधिकर जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा उंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज की टीम के द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियो में चरण सिंह,विक्की उर्फ विवेक,अनिल और भारत नागर उर्फ भालू नाम शामिल है। आरोपी चरण सिंह(39) वासी अभयपुर गुरुग्राम हाल डबुआ कॉलोनी एनआईटी का, आरोपी विक्की उर्फ विवेक(20) निवासी गांव कोट फरीदाबाद का, आरोपी अनिल(36) निवासी गांव किवाना पानीपत, आरोपी भारत उर्फ भालू(24) निवासी गांव कचेडा गौतमबुध्द नगर हाल फ्रैंड्स कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपियो को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मौजपुर एरिया से काबू किया है। आरोपियो से मौके पर गाडी, देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद बरामद किए गए है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चरण का आरोपी भारत भांजा है। आरोपी अनिल व विक्की दोस्त है। आरोपी चरण सिंह स देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद बरामद हुए है। आरोपी देसी पिस्तौल को ऋषिकेश की व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी चरण प्रोप्रटी डीलर का काम तथा आरोपी अनिल ओयो होटल चलाने का काम करता है। आरोपियो ने वारदात को पैसे के लिए अंजाम दिया है। आरोपियो द्वारा देर रात को सेक्टर-11 पैट्रोल पम्प के पास से स्कॉर्पियों गाडी मे आते हुए व्यक्ति को अपनी स्कूटी से टक्कर मारी जिसको लेकर स्कॉर्पियो गाडी में से व्यक्ति उतरा तो उसका उसकी गाडी मे अपहरण कर ग्रेटर नोएडा ले गए। आरोपियो द्वारा व्यक्ति से 2500/-रु नगद, सोने की चेन व एटीएम कार्ड स्नैचिग किए गए तथा एटीएम कार्ड को प्रयोग कर पैसे निकालने की कोशिश की गई। पिन गलत होने पर पैसे नही निकले। आरोपियो से गाडी गलगोटिया कॉलेज के पास हड़बड़ाहट में डिवाइडर पर चढ़ गई और तार फेंसिंग में फंस गई। आरोपी डर से कार छोडक़र भाग गए। जहां से स्थानिय पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो गाडी को बरामद कर कारोबारी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी चरण सिंह पर पूर्व में 7 मुकदमें लूट, स्नैचिंग और मार-पीट के थाना एसजीएम नगर,सुरजकुण्ड, एनआईटी, कोतवाली में दर्ज है। आरोपी भारत के खिलाफ थाना शहर बल्लबगढ में 2 मुकदमें लडाई-झगडे के दर्ज है। आरोपियो को मुकदमें में स्कूटी पूछताछ के लिए, अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# मतगणना के लिए संबंधित कर्मचारियों की करवाई जाए ट्रेनिंग : विक्रम सिंह

## भारत निर्वाचन आयोग ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से की मतगणना की तैयारियों पर चर्चा




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की तैयारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बैठक लेते हुए विस्तृत चर्चा की। सुचारू रूप से मतगणना का कार्य संपन्न करवाने के लिए आयोग ने विशेष दिशा-निर्देश दिए। फरीदाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मौके पर ही लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विस्तार से मतगणना को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतगणना के लिए पूर्ण बंदोबस्त करें। सभी हिदायतों की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें। मतदान के उपरांत अब मतगणना बेहद महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य सेक्टर-16 स्थित पंजाबी भवन में होगा। इसी प्रकार फरीदाबाद एनआईटी की मतगणना लखानी धर्मशाला में, बडख़ल की मतगणना का कार्य दौलतराम खान धर्मशाला में, बल्लभगढ़ की मतगणना सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय बल्लबगढ़ में तथा फरीदाबाद की मतगणना का कार्य सेक्टर-14 स्थित महात्मा हंसराज सभागार डीएवी स्कूल और तिगांव विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के लिए सीसीटीवी कैमरों को स्थापित करवायें। फायर, एंबुलेंस और पावर बैकअप इत्यादि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। स्ट्रोंग रूम से ईवीएम लाने के लिए कर्मचारियों की पूर्ण व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए नियुक्त किये जाने वाले सभी कर्मचारियों की ट्रेनिंग करवायें। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वपनिल रविंद्र पाटिल, जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान, एसडीएम अमित मान, एसडीएम त्रिलोकचंद, एसडीएम शिखा, नगराधीश अंकित, डीआईओ लक्ष्मीनारायण मित्तल आदि अधिकारी मौजूद थे।

# देश में 'इंडिया' गठबंधन की बनेगी सरकार : राकेश भड़ाना



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना ने कहा है कि देश में 'इंडिया' गठबंधन की बहुमत से सरकार बनेगी और उसके बाद सही मायनों में देश का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावों में जिस प्रकार से समाज की छत्तीस बिरादरी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को समर्थन दिया है, उससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सत्ता से बाहर हो रही है और देश में नई सरकार बनने जा रही है। यहां जारी प्रेस बयान में राकेश भड़ाना ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों ने दस सालों तक केवल भ्रष्टाचार व महंगाई को बढ़ावा दिया है, इस दौरान गरीब और गरीब हुआ है, जबकि अमीर और अमीर हुआ है। सरकार ने पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बन लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। जहां आज गरीब आदमी के समक्ष अपने परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है वहीं लोग बुनियादी सुविधाओं को लेकर त्राहि-त्राहि करने को मजबूर हो रहे है। यह सब आक्रोश चुनावों में जनता ने वोट के रुप में बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा सरकार ने ईडी, आयकर विभाग सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज दबाने के लिए किया, जिसे जनता भली भांति जान गई है और चुनावों में जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान करके अपना आक्रोश जाहिर किया। राकेश भड़ाना ने कहा कि दिल्ली में भी गठबंधन सातों सीटों पर विजयी हासिल करेगा और पंजाब व हरियाणा में भी गठबंधन के उम्मीदवार विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को झूठे प्रलोभन देकर जितना बहकाना था, बहका लिया, जब जनता जागरुक हो चुकी है और उन्होंने चुनावों में जनविरोधी भाजपा सरकार को वोट की चोट से करार जवाब देकर 'इंडिया' गठबंधन पर अपने विश्वास की मोहर लगाई है।

फेसबुक वॉल से!

# पड़ोसी का सुख, फूटी आंख ना सुहाए!



**समाचार गेट ब्यूरो**

भिखारी भीख मांगने जा रहा था, तभी रास्ते में उसे आवाज सुनाई दी। निकट जाकर देखा तो एक सन्त गड्ढे में गिर गए थे और बहुत प्रयत्न करने के बाद भी बाहर नहीं निकल पा रहे थे। उसने उन्हें बाहर निकाला। संत बहुत प्रसन्न हुए और उसे अंगूठी देकर कहे कि इस अंगूठी में दिव्य शक्ति है। इससे तुम जो कुछ भी मांग करोगे वह तुम्हें प्राप्त होगा, लेकिन उससे दूना तुम्हारे पड़ोसियों को प्राप्त होगा।

वह घर आया पूरी घटना अपनी पत्नी को बताया, लेकिन अभाव में जीवन व्यतीत करता रहा, परन्तु उस अंगूठी से कभी कुछ नहीं मांगा, क्योंकि उसे पता था कि वह जो कुछ मांगेगा उससे दूना उसके पड़ोसियों को प्राप्त हो जाएगा। वह इस ईर्ष्या भाव के कारण गरीबी में ही जीवन बिताता रहा।

एक बार उसे कई दिनों तक भीख नहीं मिली। वह भूख के मारे तड़प रहा था, लेकिन अंगूठी का प्रयोग नहीं कर रहा था। उसकी पत्नी ने कहा, जब मर ही जाओगे तो यह अंगूठी रखने से क्या लाभ?

पत्नी के बहुत कहने पर वह अंगूठी से मांगने के लिए तैयार हुआ। उसने अंगूठी का अह्वान करके कहा, धन-धान्य से परिपूर्ण हमारा एक तल का घर बन जाए। उसका तो एक तल का घर बना ही, उसके पड़ोसियों का उससे दूने धन से युक्त दो तल का घर बन गया। आगे भी वह जो कुछ भी मांगा उससे दूना उसके पड़ोसियों को मिलते गया।

ईर्ष्या के कारण वह बहुत दु:खी हो गया और अपनी पत्नी से कहने लगा, इससे अच्छा तो हम गरीब ही ठीक थे, तभी उसके मन में एक विचार आया।

उसने अंगूठी सामने रखकर पुन: आह्वान किया और कहा, हम एक आँख से अंधे हो जाएं। पड़ोसी दोनों आँखों से अंधे हो गए। फिर उसने कहा हमारे दरवाजे पर एक कुआँ हो जाए, पड़ोसियों के दरवाजे पर दो कुएँ हो गए। वे निकलते गए और गिरते गए।

ऐसी ही कुछ मानसिकता हमारे समाज के कुछ लोगों की विशेषता बन गई है। वे सोचते हैं कि भले ही हम कुछ न करें, भीख मांगते रहें, लेकिन हमारे देश के दूसरे लोगों भी कुछ न कर पाएं, वे भी दरिद्र रहें।

**कहानी का सार!**

देश में अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का कार्य चल रहा है, लेकिन उसके विषय में कोई चर्चा नहीं, क्योंकि उन्हें कोई जानता ही नहीं, लेकिन अम्बानीऔरअडानी इस देश के हैं, इसलिए उनकी बहुराष्ट्रीय कम्पनी होना गलत है। वे यहाँ पर कार्य करें यह गलत है।

अभी कल ही समाचार आया था, भारत के बैट्री उद्योग में चीन से सत्तर प्रतिशत बैट्री आयात की जाती है। उससे कोई परेशानी नहीं, लेकिन किसी भारतीय को इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ना चाहिए।

पूरे विश्व के औषधीय पौधों की पचास प्रतिशत प्रजातियां भारत में पायी जाती हैं, लेकिन औषधि निर्माण में भारत बहुत पीछे है। पचास प्रतिशत औषधियाँ चीन में निर्मित होती हैं, लेकिन उससे किसी को परेशानी नहीं है, परेशानी है तो बाबारामदेव से कि उन्होंने देश-विदेश में औषधियों का प्रचार और व्यापार कैसे कर लिया।

अब लोग कहेंगे कि जब इतनी बड़-बड़ी कम्पनियां होंगी तो हमारा क्या होग? तुम्हारा तो उस समय भी कुछ नहीं हो रहा था जब अमेरिका आयात किया हुआ एलोयवेरा पन्द्रह सौ में खरीदते थे। तुमने एलोयवेरा उत्पादन के विषय में नहीं सोचा, लेकिन वह आदमी साइकिल से बेचते-बेचते हवाई जहाज तक पहुंच गया और तुम ईर्ष्या ही करते रह गए।

प्राक्टर एण्ड गेम्बल, हिन्दुस्तान लीवर के विषय में कभी आपत्ति नहीं की जाती, आपत्ति है तो केवल और केवल भारतीय कम्पनियों से।

हमारी संस्कृति में दरिद्र को नारायण मानकर उसकी सेवा का विधान तो है, लेकिन दरिद्रता की उपासना का विधान नहीं है। दरिद्र को भले ही कोई दूसरा नारायण माने, लेकिन दरिद्रता स्वयं के लिए एक अभिशाप है। कटोरा लेकर खड़ा रहने वाला समाज बनना किसी का आदर्श नहीं हो सकता, जो भी उद्यमी, स्वावलम्बी, आत्मनिर्भर और देश का आर्थिक उत्कर्ष करने वाला है उसका सम्मान होना चाहिए, तभी समाज की उन्नति हो सकती है।

**डॉ.चन्द्र प्रकाश सिंह की फेसबुक वॉल से साभार**

# मंडकोला पुलिस चौकी की शराब तस्करी पर बड़ी कार्यवाही



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत थाना हथीन अंतर्गत चौकी मंडकोला प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार व उनकी टीम ने दो अलग-अलग मामलों में करीब 90 हजार रुपए की कीमत की अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना हथीन प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल के अनुसार पहले मामले में थाना हथीन अंतर्गत चौकी मंडकोला में तैनात हेड कांस्टेबल सुखबीर को आज दिनांक 27 मई को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की गांव मंडकोला निवासी राहुल गांव में बने अपने खंडहर मकान में अवैध शराब बेचने का काम कर रहा है टीम ने तुरंत मौका पर दबीश दी लेकिन तंग गली होने की वजह से आरोपी फरार हो गया। टीम ने नियम अनुसार तलाशी कर शराब तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मौका से करीब 80 हजार रुपए की कीमत की विभिन्न प्रकार की 31 पेटी बियर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की। प्रभारी थाना ने बताया कि दूसरे मामले में थाना हथीन अंतर्गत चौकी मंडकोला में तैनात सहायक उप निरीक्षक नसीब खान की टीम कों विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की गांव मंडकोला निवासी कर्मवीर उर्फ भोला गांव में बने अपने मकान के चौबारे में अवैध शराब बेचने का काम कर रहा है टीम ने तुरंत मौका पर दबीश दी लेकिन तंग गली होने की वजह से आरोपी फरार हो गया तथा नियम अनुसार तलाशी कर मौका से करीब 10 हजार रुपए की कीमत की विभिन्न प्रकार की देसी एवं अंग्रेजी की 3 पेटी एवं 2 पव्वा अवैध शराब बरामद की। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। दोनों मामलों में फरार आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे जिनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबीश दी जा रही है।


स्कूल बस सडक हादसा

# जीएल स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह को कष्ट निवारण समिति से हटाया

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने जारी किया गया पत्र

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के समीप बीती 11 अप्रैल को स्कूल बस सडक हादसे में मारे गए झाडली के 4 तथा धनौंदा के दो सहित छह मासूम विद्यार्थियों के पीडित परिजनों को न्याय दिलाने के मकसद से जिला प्रशासन की ओर से किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। पंस समिति के वाईस चेयरमैन रमेश महलावत व झाडली के पीडित परिजन संजय शर्मा ने बताया कि जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता की ओर से प्रदेश के सीएस को भेजी गई अनुशंसा के आधार पर जीएल स्कूल के चेयरेमैन राजेंद्र सिंह लोढा को जिला कष्ट निवारण समिति से हटा दिया है। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की ओर से 27 मई को जारी किए गए पत्र क्रमांक 5-1-24-1डीजी के माध्यम से कहा गया कि 17 नवबंर 2023 को जारी किए गए गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक उसे कष्ट निवारण समिति की सद्स्य मनोनीत किया गया था। स्कूल बस सडक हादसे में संलिप्तता मिलने पर उसे समिति स हटा दिया गया है। जिसे लेकर पीडित परिजनों ने राहत की सांस ली है। उन्होंने कहा कि स्कूल की मान्यता रद्द करने को लेकर भी डीसी की ओर से पत्र लिखा गया था। कार्रवाई होना बाकी है।



HARYANA GOVERNMENT
CHIEF SECRTARY OFFICE
GRIEVANCES DEPARTMENT
NOTIFICATION

Dated, Chandigarh the 27.05.2024

No. 5/1/2024-1D.G. – The Governor of Haryana is pleased to remove the name of Sh. Rajender Singh S/o Sh. Ganeshi Lal, Ward No:-13, Kanina Distt- Mahendergarh as non-official member from the membership of the District Public Relations and Grievances Committee of Mahendergarh nominated vide Haryana Government Gazette Notification No 5/1/2023-1D.G dated 17-11-2023, with immediate effect.

T.V.S.N Prasad
Chief Secretary to Government, Haryana

23rd May 2024

Endst No. 5/1/2024-1DG

Dated Chandigarh, the 27.05.2024

A copy is forwarded to the Controller, Printing and Stationary Department, Haryana, Plot No.C1,C2, Sector 6, Panchkula, Haryana with the request that the above notification may please be got published in Haryana Government Ordinary Gazette. It is also requested that 50 spare copies of the Notification may please be supplied to this department at an early date.

Superintendent, Grievances,
for Chief Secretary to Government, Haryana

Endst No. 5/1/2024-1DG

Dated Chandigarh, the 27.05.2024

A copy each is forwarded to the following for information and necessary action :-

1. All Heads of the Departments in the State of Haryana.
2. Registrar, Punjab & Haryana High Court, Chandigarh.
3. All Divisional Commissioners in the State of Haryana.
4. All Deputy Commissioners in the State of Haryana.
5. All S.D.O's (Civil) in the State of Haryana.
6. Sh. Rajender Singh S/o Sh. Ganeshi Lal, Ward No:-13, Kanina Distt- Mahendergarh.

Superintendent, Grievances,
for Chief Secretary to Government, Haryana

A copy each is forwarded to the following for information and necessary action :-

1. Addl. Chief Secretary to Govt. Haryana and Financial Commissioner Revenue & Disaster Management and Consolidation.
2. All Addl. Chief Secretaries/Principal Secretaries to Govt. of Haryana.
3. CPSCM/PSCM/APSCM/APSCM(AB)/OSDCM(SG).
4. Chief Staff Officers / Spl. Sr. Secretaries/ Sr. Secretaries/ Secretaries /Private Secretaries to Chief Minister/ Ministers/ Ministers of State for kind information of Chief Minister/ Ministers/Ministers of State.

Superintendent, Grievances,
for Chief Secretary to Government, Haryana

To
1. Addl. Chief Secretary to Govt. Haryana and Financial Commissioner Revenue & Disaster Management and Consolidation.
2. All Addl. Chief Secretaries/Principal Secretaries to Govt. of Haryana.
3. CPSCM/PSCM/APSCM/APSCM(AB)/OSDCM(SG).
4. Chief Staff Officers / Spl. Sr. Secretaries/ Sr. Secretaries/ Secretaries /Private Secretaries to Chief Minister/ Ministers/ Ministers of State for kind information of Chief Minister/ Ministers/Ministers of State.

Dated Chandigarh, 27.05.2024

U.O No. 5/1/2024-1DG

# आदेश के पहले ही दिन 442 दुकानदारों पर हुई कार्रवाई



**समाचार गेट/एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव खत्म होने बाद से ही एमपी की मोहन सरकार एक्शन मोड़ में नजर आ रही है। सीएम मोहन ने अवैध रूप से मीट की विक्री करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिसके बाद पूरे प्रदेश के 290 से ज्यादा निकायों में नगरीय प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। सरकारी अफसरों के द्वारा अवैध रूप से बाजारों में बिकने वाले मांस मछली की सप्लाई को रोकने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन की टीम ने इन दुकानदारों पर 4000 से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। इससे पहले भी सीएम पद की शपथ लेने के बाद मोहन यादव ने प्रशासन को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए थे।

एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर की बात करें तो 20 से ज्यादा विक्रताओं की दुकानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। इन दुकानदारों ने बिना नियमों का पालन किए हुए अपनी दुकानें खोल रखी थी, जिसके कारण इनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया है। इसके अलावा होशंगाबाद में 20 से ज्यादा दुकानों पर कार्रवाई की गई और डेढ हजार से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया।

इसके अलावा सागर में 50 से अधिक दुकानों पर, ग्वालियर में 30 से ज्यादा, उज्जैन में 12 से ज्यादा, रीवा में 115 से ज्यादा दुकानों पर कार्रवाई की गई। जिन पर लगभग 29000 का जुर्माना लगाया गया। शहडोल में प्रशासन की टीम ने कार्रवाई करते हुए 90 दुकानों पर 25000 से ज्यादा का जुर्माना लगाया। वहीं जबलपुर में 55 से अधिक दुकानों पर 11000 से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया।

# वंडर वर्ल्ड स्टोरी झरोखों से: राजकुमार की अद्भुत यात्रा

**भाग 2:**



**समाचार गेट ब्यूरो**

रात के ठीक बारह बजे, जैसे ही विक्रम और सुलोचना अर्जुन को मारने आए, गायों ने अर्जुन को जगा दिया। अर्जुन ने तुरंत उनकी पूंछ पकड़ ली और गायें उसे आकाश में ले उड़ीं। वे उसे एक घने जंगल में उतार देती हैं। अब अर्जुन वहीं अपनी गायों को चरा कर उन्हें खिलाने लगा। गायों से जो भी खाने को मिलता, उसे खाकर वह घने छायादार पेड़ के नीचे आराम करता और खुश रहता। खाने के बाद बचा हुआ दूध वह एक साँप के बिल में रख देता और वह साँप रोज आता, दूध पीता और चला जाता। इस प्रकार, कई दिन बीत गए। एक दिन, नागदेवता स्वयं प्रकट होकर अर्जुन से बोले, तुम्हारी जो भी इच्छा हो, मुझसे मांग लो। मैं तुम्हारी हर इच्छा पूरी कर दूंगा।अर्जुन ने विनम्रता से कहा, नागराज जी, मेरे पास आपका दिया सब कुछ है। मुझे कुछ नहीं चाहिए।नागराज ने जिद करते हुए कहा, नहीं राजकुमार, तुम्हें कुछ लेना ही होगा।अब अर्जुन असमंजस में पड़ गया और अंतत: बोला, ठीक है, मैं अपनी गाय माता से पूछकर आपसे कुछ मांगूंगा। शाम को गायें लौटकर आईं तो अर्जुन ने उनसे सारी बात बताई। गायों ने उसे सलाह दी, राजकुमार, तुम नागदेवता से सुख-दुख की बांसुरी और अपने सोने के बाल मांगो। अर्जुन ने कहा, ठीक है।अगले दिन, नागदेवता फिर आए और बोले, राजकुमार, तुमने सोचा क्या मांगना है?तब अर्जुन ने कहा, नागराज, मुझे दुख-सुख की बांसुरी और मेरे बाल सोने के हो जाएँ। नागराज ने कहा, तथास्तु, ऐसा ही होगा। और नागदेवता वहां से चले गए। वहीं जंगल में एक तालाब था, जहां अर्जुन नहाने जाया करता था। उसी तालाब पर एक सुंदर राजकुमारी, चंद्रिका, भी स्नान करने आया करती थी। एक दिन, अर्जुन राजकुमारी के आने से पहले नहाने चला गया। नहाते वक्त उसका एक सोने का बाल टूटकर तालाब में गिर गया। जब राजकुमारी चंद्रिका आई, तो उसे वह बाल मिल गया। चंद्रिका वह बाल लेकर अपने राजमहल आई और अपने पिता राजा जयसिंह से कहा, पिताजी, जिसके भी सोने के बाल होंगे, मैं उसी से विवाह करूंगी। और उसने राजा को वह बाल दिखाया। राजा ने कहा, ठीक है, हम जल्द ही नाई और ब्राह्मण को तुम्हारे लिए सोने के बाल वाले राजकुमार को तलाशने भेजेंगे। राजा जयसिंह ने अपने सबसे विश्वासपात्र नाई और ब्राह्मण को बुलाया और उन्हें आदेश दिया कि वे पूरे राज्य में जाकर सोने के बाल वाले राजकुमार को ढूंढ़ें। वे दोनों तुरंत अपनी यात्रा पर निकल पड़े और हर गांव, हर शहर, हर जंगल में सोने के बाल वाले राजकुमार को खोजने लगे।

नाई और ब्राह्मण ने सोने के बाल वाले राजकुमार की खोज में पूरे राज्य का चप्पा-चप्पा छान मारे। उन्होंने हर गांव, हर नगर, हर महल में जाकर पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कहीं भी सोने के बाल वाला राजकुमार नहीं मिला। थक-हार कर वे जंगल की ओर चल पड़े।

जंगल में चलते-चलते, वे एक पीपल के वृक्ष के पास पहुंचे। उन्हें वृक्ष पर कुछ चमकता हुआ दिखाई दिया। नाई ने कहा, चलो, चलकर देखते हैं वहाँ क्या है।

जब वे वहाँ पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि राजकुमार अर्जुन अपनी गायों के साथ वहां बैठा है। अर्जुन के सोने के बाल सूर्य की रोशनी में चमक रहे थे। नाई और ब्राह्मण ने राजकुमार से कहा, राजकुमार, तुम्हें हमारे साथ चलना होगा।

अर्जुन ने शांत स्वर में उत्तर दिया, मैं यहाँ बहुत खुश हूँ और कहीं नहीं जाना चाहता।

लेकिन नाई और ब्राह्मण ने जोर देकर कहा, राजकुमार, यह राजा का आदेश है। हमें तुम्हें ले जाना ही होगा।

अर्जुन ने फिर इंकार किया, तो नाई और ब्राह्मण ने जबर्दस्ती करने की कोशिश की। वे उसे खींचने लगे और उस पर जोर डालने लगे। परेशान होकर, अर्जुन ने दुख की बांसुरी बजाना शुरू कर दिया। बांसुरी की आवाज सुनते ही गायें तुरंत वहाँ आ पहुँचीं।

गायों ने देखा कि नाई और ब्राह्मण अर्जुन को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने तुरंत उन पर हमला कर दिया। गायें नाई और ब्राह्मण को मार-मार कर अधमरा कर देती हैं। नाई और ब्राह्मण दर्द से कराहने लगे और हाथ जोड़कर अर्जुन से क्षमा माँगने लगे।

हमसे गलती हो गई, राजकुमार। कृपया हमें माफ कर दें।

**शेष भाग जारी..**

**ए आर महलोनिया**

# जिला कांग्रेस मुख्यालय नूँह पर कांग्रेसियों ने नेहरू को किया याद



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला कांग्रेस मुख्यालय नूँह पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें खरिाज ए अकीदत पेश की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहा। वक्ताओं ने मुख्य रूप से कहा कि नेहरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने गांधी के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उनका योगदान स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण रहा, जिसे आज भी याद किया जाता है। वहीं कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफ़ताब अहमद ने जारी अपने संदेश में कहा कि स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री का पद संभालने के बाद उन्होंने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के एक महत्त्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की। मुख्यत:, एक बहुवचनी, बहु-दलीय लोकतन्त्र को पोषित करते हुए, उन्होंने भारत के एक उपनिवेश से गणराज्य में परिवर्तन होने का पर्यवेक्षण किया। विदेश नीति में, भारत को दक्षिण एशिया में एक क्षेत्रीय नायक के रूप में प्रदर्शित कर निरपेक्ष आन्दोलन में एक अग्रणी भूमिका निभाई।

विधायक आफ़ताब अहमद ने अपने संदेश में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नेहरु ने भारत को एक उदार और पूर्वांचल क्षेत्रों की उपजाऊ भूमि में बदलने के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने इस क्षेत्र की विकास योजनाओं को प्रोत्साहित किया और कृषि, उद्योग, और अन्य क्षेत्रों में नए परियोजनाओं की शुरुआत की, जिससे भारत तरक्की के ओर बढ़ा। उन्होंने भारत के और चीन के बीच पंचशील नामक साक्षरता साधने का समझौता किया, जो दोनों देशों के बीच शांति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का उद्देश्य से की गयी थी।

नेहरु ने प्रौद्योगिकी और शिक्षा में प्रगति को प्रोत्साहित किया और भारत में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए कई शिक्षा संस्थानों और विज्ञान संस्थानों की स्थापना की। भारतीय नदियों पर प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित किया और उन्होंने भारतीय नौसेना का विकास किया। जवाहरलाल नेहरु ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण नदी परियोजनाएं और नौसेना विकास की पहलूओं का प्रबंधन किया। उन्होंने इन परियोजनाओं के माध्यम से भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया। भाखरा-नंगल परियोजना, हीरकुण्ड डैम परियोजना, नव रास्त्रीय नौसेना, चिल्का झील का विकास का आज तक भारत को फायदा मिल रहा है। पंडित जवाहरलाल नेहरु का योगदान भारतीय राजनीति और समाज के विकास में अद्वितीय रहा है। इस दौरान हसन सत्पुतियाका, इल्यास सालाहेड़ी, मौलवी जाहिद, शमीम रहनिया, जुबैर घासेड़ा, मोइन घासेड़ा, जहीर बड़वा, शहजाद, अनीश खेड़ला, ताहिर व अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# यात्रियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है : ज्योति कुमार सतीजा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेलवे सुरक्षा बल जयपुर मंडल के अंतर्गत रेवाड़ी पोस्ट में निरीक्षण के साथ सुरक्षा सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा ने रेलवे सुरक्षा बल जवानों को सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से बताया।उन्होंने उपस्थित सभी से अपनी सोच में बदलाव करने,स्वास्थ के बारे में,खानपान के तरीके में बदलाव करने के साथ अच्छा भोजन करने के लिए के लिए प्रेरित किया।श्री ज्योति कुमार सतीजा ने कहा कि प्रकृति से प्रेम करना चाहिए। रक्तदान कैम्प का आयोजन कर रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए जवानों से एक एक करके व्यक्तिगत समस्या सुनकर उनका निवारण किया। उन्होंने जवानों को अपने संदेश में कहा कि सभी इंसानियत से प्यार करें, हमारी जिम्मेवारी है यात्रियों की सुरक्षा के साथ रेल संपति की सुरक्षा पर बेहतर ढंग से काम करें।कार्यक्रम के शुभारंभ में रेवाड़ी सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार ने प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भवप्रिता सोनी को पौधा पॉट देकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि को सुरक्षा बल जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा ने अपने करकमलों से नई बैरिक का पंडित जी के मंत्रोंचारण के साथ रिबन काटकर उद्धघाटन किया।प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भवप्रिता सोनी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार ने बैरिक के प्रांगण में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान रेवाड़ी आरपीएफ पोस्ट का डॉग स्क्वायड सहित पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए कि हम कैसे यात्रियों को बेहतर सुरक्षा प्रदान कर सकते है। रेवाड़ी आरपीएफ मित्र रमेश वशिष्ठ ने प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भवप्रिता सोनी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया।इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल रेवाड़ी पोस्ट के निरिक्षक विनोद कुमार जांगड़े, आसूचना विभाग इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, एसआई अशोक कुमार, अनिल गौतम सहित सभी अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

# गल्ला व्यापार समिति ने व्यापारियों को वितरित किए डस्टबिन



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** गल्ला व्यापार समिति गंज कटला बाजार की ओर से सोमवार को एक अनूठी शुरुआत की गई है। व्यापार समिति की ओर से बाजार के सभी व्यापारियों को डस्टबिन वितरित किए गए। इसके साथ ही व्यापारी भाइयों से आग्रह किया गया है कि वह अपना कचरा डस्टबीन में ही डालें। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रशांत सन्नी यादव विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सन्नी यादव ने कहा कि गल्ला व्यापार समिति की ओर से जो शुरुआत की गई है वह निश्चित तौर पर अनुकरणीय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। व्यापारी वर्ग इसी स्वप्न को साकार करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि समिति को और किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता हो तो वह उनके लिए हमेशा तैयार हैं। समिति प्रधान हेमंत अग्रवाल ने बताया कि बाजार में करीब 90 प्रतिष्ठान है जिन सभी पर डस्टबिन रखवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारियों से बैठक करके यह निर्णय लिया गया था जिसे आज साकार रूप दिया गया है। प्रधान ने बताया कि शीघ्र ही बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक चौबंद करने के लिए सीसीटीवी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी व्यापारियों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है तथा समिति का भी प्रयास है कि व्यापारियों के कल्याण के लिए बेहतर कार्य किए जाएं।

# 11 वर्षीय बेटी से किया रेप, मां ने दर्ज कराया मुकदमा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बाप-बेटी के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने का मामला सामने आया है। यहां पत्नी की गैर मौजूदगी में पति ने अपनी ही नाबालिग बेटी से रेप किया है। आरोपी पिता ने जान से मारने की धमकी दी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, औंग थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि शुक्रवार को सदर कोतवाली के एक गांव स्थित अपने मायके गमी में शामिल होने गई थी। घर में 11 वर्षीय बेटी और 9 साल के बेटा था। बताया जा रहा है कि पति नशे का आदी है। आरोप है कि शनिवार की देर रात पति नशे की हालत में घर आया और घर में सो रही अकेली बेटी के साथ दरिंदगी की। बच्ची के विरोध करने पर गला दबा कर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरीके हैवान पिता के चंगुल से छूटकर बच्ची पड़ोस में रहने वाली अपनी बड़ी मां के घर पहुंच कर आपबीती बताई।

जेठानी की सूचना पर पहुंची पीड़िता की मां

जेठानी की सूचना पर घर पहुंची पीडि़ता की मां ने पति के घिनौनी हरकत की पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने मां-बेटी के बयान दर्ज कर बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि पीडि़ता के मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट और दुष्कर्म के साथ अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रेपिडो की बाइक-ऑटो बुक कर फ्री में बूथ पर जाएं




**समाचार गेट ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में अब तक छह चरणों में वोटिंग प्रतिशत काफी कम रहा है, बिहार में भी कमोबेश यही हालात दिखे। इसे लेकर एक तरफ जहां राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ी हुई है। वहीं निर्वाचन आयोग भी मतदाताओं की संख्या बढ़ाने को लेकर प्रयास में लगातार जुटा है। हालांकि निर्वाचन आयोग की तरफ से हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए निर्वाचन विभाग की तरफ से सभी तरह की कोशिश की जा रही हैं।

**चुनाव आयोग ने की घर से उठाकर मतदान करवाने की तैयारी**

अब इससे बिहार के मतदाताओं का गैर जिम्मेवार रवैया कहा जाए या अपनी थोड़ी सी सुविधा के लिए घर बैठ जाने की आदत। इसकी वजह से चुनाव आयोग की चिंता बढ़ी हुई है। चौराहे पर खड़े होकर नेताओं पर कीचड़ उछालते तो बिहार के हर जिले में मतदाता नजर आ जाएंगे। राजनीति पर लंबी-लंबी बातें कहेंगे। नेताओं को क्या करना चाहिए और उन्होंने क्या नहीं किया यह तो बताते नजर आ जाएंगे। लेकिन वोट करने के लिए चुनाव विभाग को इन्हें घर से निकालना पड़ रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग की तरफ से ई रिक्शा और VOTENOW फ्री कोड की शुरू की गई है। इस कोड के जरिए घर से मतदाता Rapido ऐप से फ्री Rapido सेवा बुक कर सकेंगे। उसके बाद मुफ्त में मतदाता बूथ तक जा सकेंगे। उसके बाद वोट करने के बाद वापस अपने घर भी आ सकेंगे। चुनाव आयोग की तरफ से यह नि:शुल्क परिवहन सेवा दी जा रही है।

**निर्वाचन विभाग भी चिंतित**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने भी इस बात पर चिंता जताई है कि मतदाता घर से बाहर नहीं निकल रहे। उन्होंने एनबीटी से बातचीत करते हुए यह भी बताया कि निर्वाचन विभाग अपनी तरफ से पूरी तैयारी कर रहा है। इसी चरण में यह तैयारी भी की गई है। कोशिश यह है कि मतदाताओं को घर से निकलकर वोट करवाया जाए। ताकि लोकतंत्र के महापर्व को मनाने की भागीदारी में सभी मतदाता शामिल हो सके।

## चतरा में नक्सलियों ने बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में कथित तौर पर पुलिस का मुखबिर होने के शक में नक्सलियों ने आदिवासी समुदाय के एक व्यक्ति और उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना शनिवार रात कुंडा थाना क्षेत्र के हिंदिया कला गांव में हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान छेदी बिरहोर और उनके बेटे पंकज बिरहोर के रूप में हुई है, जो आदिवास समुदाय से हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास पांडे ने कहा, छेदी बिरहोर और उनके बेटे की कथित तौर पर तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सदस्यों ने हत्या की।

**अगर मैं घर पर होता तो मुझे भी मार दिया जाता: विधायक**

पंकज के बड़े भाई विधायक बिरहोर ने पुलिस को बताया कि करीब 60-70 नक्सलियों ने उनके घर को घेर लिया और दरवाजा खटखटाया। जब किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो वे छत के रास्ते घर में घुस गए। पहले तो उन्होंने उनकी पिटाई की और फिर गोली मारकर हत्या कर दी। विधायक ने कहा कि जब हमला हुआ तब वह घर में नहीं था। उन्होंने मीडिया से कहा, अगर मैं घर पर होता तो मुझे भी मार दिया जाता।

**मृतक के परिवार ने एक नक्सली को पुलिस को सौंपा था**

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतक के परिवार ने एक नक्सली को पुलिस को सौंप दिया था, जिसने राज्य की बिरसा आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए पैसे मिलने के बाद उनसे 10 हजार रुपये की रंगदारी मांगी थी। उन्होंने बतया कि टीएसपीसी इस घटना से गुस्से में थी। बदला लेने के लिए उन्होंने यह अपराध किया होगा।

# कीटोन बढ़ने से केजरीवाल को हो सकता है कैंसर!



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की तारीख 1 जून को खत्म हो रही है। इसके बाद 2 जून को उनको वापस तिहाड़ जेल जाना पड़ेगा, लेकिन इस बीच केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर जो खबर आम आदमी पार्टी ने दी वो चिंता में डालने वाली है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने मीडिया को बताया कि केजरीवाल का कीटोन का स्तर बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि अचानक वजन घटना और कीटोन स्तर बढ़ने से किडनी को नुकसान के साथ उन्हें कैंसर भी हो सकता है। बता दें कि सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी अंतरिम जमानत को 7 दिन के लिए बढ़ाने की दरख्वास्त की है।

**केजरीवाल के हेल्थ पर क्या बोलीं आतिशी?**

शिक्षा मंत्री आतिशी ने केजरीवाल के हेल्थ पर चिंता जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत के लिए 7 दिन का एक्सटेंशन मांगा है। जब वे ED की न्यायिक हिरासत में थे, तब उनका वजन 7 किलो कम हो गया था। वजन का अचानक कम होना डॉक्टरों के लिए चिंता का विषय है।

आतिशी ने आगे कहा कि शुरुआती Tests से संकेत मिला है कि उनके कीटोन का स्तर बहुत अधिक है। अचानक वजन कम होना और कीटोन का उच्च स्तर कुछ गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकता है, जिसमें किडनी को नुकसान, कैंसर शामिल है। इसलिए डॉक्टरों ने सुझाव दिया है कि उन्हें अपने पूरे शरीर का PET Scan और इस तरह के अन्य गंभीर परीक्षणों सहित कई तरह की जांच करवाने की आवश्यकता है।

**कब खत्म हो रही है केजरीवाल की अंतरिम जमानत?**

सीएम केजरीवाल की अंतरिम जमानत आगामी 2 जून को खत्म हो जाएगी। उसी दिन सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, उन्हें वापस तिहाड़ जेल जाना होगा। उससे पहले केजरीवाल ने अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर इसे आगे बढ़ाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने बताया कि सारे टेस्ट हो जाने के बाद वह 9 जून को सरेंडर कर देंगे। हालांकि कोर्ट की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

## चारधाम के बाद अब हेमकुंड साहिब में भी नहीं बना सकेंगे रील्स

**समाचार गेट ब्यूरो**

**देहरादून।** आज-कल रीयल लाइफ को दिखाने और सोशल मीडिया पर पल-पल की अपडेट देने के लिए रील बनाने का नशा युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। जहां भी नई उम्र के ये यूथ जाते हैं, बिना जगह की मर्यादा का खयाल रखे रील बनाने लगते हैं। वहीं, लेकिन चार धामों के साथ ही अब हेमकुंड साहिब में भी रील्स और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध रहेगा। हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को अरदास के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। श्रद्धालु बर्फ के बीच बने आस्था पथ से चलकर गुरुद्वारे में मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। पहले दिन 3200 श्रद्धालु पहुंचे थे।

हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि गुरुद्वारे के इर्द-गिर्द किसी भी प्रकार की रील्स और वीडियोग्राफी नहीं की जाएगी। अभी हेमकुंड साहिब और आस्था पथ पर काफी बर्फ है, लिहाजा बुजुर्ग, छोटे बच्चे और बीमार व्यक्ति कुछ समय के लिए यात्रा से परहेज करें। जानकारी के मुताबिक, जो श्रद्धालु हेमकुंड साहिब आने में असमर्थ हैं, उनके लिए टीवी चैनल पर गुरुद्वारे से लाइव प्रसारण किया जा रहा है।

**23 अप्रैल को बर्फ हटाने का काम हुआ था शुरू**

हेमकुंड साहिब के आस्था पथ पर पिछले एक महीने से बर्फ हटाने में जुटे सेना की 418-स्वतंत्र इंजीनियरिंग कोर के सैन्य अफसरों और जवानों को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट की ओर से शॉल और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। यात्रा मार्ग घांघरिया से दो किमी आगे अटलाकोटी ग्लेशियर प्वाइंट से हेमकुंड साहिब (चार किमी) तक बर्फ से ढका हुआ था। 23 अप्रैल से हेमकुंड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू हुआ। सेना के 35 जवानों और सेवादारों द्वारा एक महीने के भीतर आस्था पथ से बर्फ हटा ली गई।







